नई दिल्ली
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वितीय वर्ष : 28, अंक : 365
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत के बैंकिंग इतिहास के सबसे बड़े 13000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोपी अब स्विट्जरलैंड भागने की फिराक में था



## भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, भारत ने कहा- हमें 'सौंपो'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है।

चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है? माना जा रहा है कि अब उसके भांजे का नंबर है। आरोप है कि नीरव मोदी और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपये का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की। आरोपियों ने फर्जीवाड़े से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स की अवधि एक साल तक दिखाई और महंगे आभूषणों का आयात किया, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, इनकी अवधि 90 दिन ही हो सकती है, जिसके बाद कर्ज वापसी जरूरी है। चोकसी ने 15 जनवरी 2018 को एंटीगुआ की नागरिकता की शपथ ले ली थी। उसके भारतीय नागरिकता त्यागने को लेकर ज्यादा जानकारी मौजूद नहीं है। वहीं, मौजूदा समय में वह बेल्जियम का निवासी है। ऐसे में यह पूरी तरह बेल्जियम का अधिकार होगा कि वह चोकसी को भारत प्रत्यर्पित करता है या नहीं। ▶▶ शेष पेज 7 पर

*बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा ने सोमवार को कहा कि भारत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है*

*चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है*

### वकील ने कहा था-उसे ब्लड कैंसर, वह भारत नहीं आ सकता

फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालतों में पेशी के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।

भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि

### जब दोनों देशों में अपराध साबित तभी होगा प्रत्यर्पण

भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है। इस संधि के तहत हत्या, धोखाधड़ी, जालसाजी जैसे कई अपराधों के अभियुक्तों को एक देश से दूसरे देश भेजने का अहम माध्यम है। 2020 में केंद्रीय कैबिनेट ने संधि में कुछ बदलाव भी किए थे। भारत और बेल्जियम ने 2023 में आपसी कानूनी सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत दोनों देश भगोड़े आरोपियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की तरफ से जारी एक-दूसरे के सर्च वॉरंट और समन को प्रभावी कर सकते हैं।संधि के मुताबिक किसी भी स्थिति में नागरिकों या निवासियों को तब तक नहीं सौंपा जा सकता, जब तक किया गया अपराध दोनों देशों के कानून के हिसाब से प्रत्यर्पण लायक जुर्म नहीं है। सीधे शब्दों में समझें तो किसी व्यक्ति को तभी प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जब उसके द्वारा किया गया काम भारत और बेल्जियम दोनों देशों में अपराध की श्रेणी में आता हो।

### तो, बेल्जियम प्रत्यर्पण से मना कर सकता है?

संधि की एक खास बात यह भी है कि अगर प्रत्यर्पण की मांग राजनीतिक कारणों से की जा रही है तो इस मांग को नकारा जा सकता है। इसके अलावा सैन्य, भेदभाव व अन्य तर्कों और तथ्यों के आधार पर भी प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। इसके अलावा अगर किसी अपराध के लिए भारत में मौत की सजा दी जा सकती है, तो बेल्जियम प्रत्यर्पण से पहले ऐसी किसी सजा को न देने का समझौता कर सकता है। हालांकि, चोकसी के मामले में यह तथ्य लागू नहीं होता।

पीएम ने यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया

# वक्फ पर पिछली सरकारों ने नहीं किया ईमानदारी से काम विभूतियों को आखिरकार नहीं दिया देश का 'सर्वोच्च सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर/हिसार

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। उनका विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहेब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर ▶▶ शेष पेज 7 पर

**मोदी ने किया जलियांवाला बाग हत्याकांड का जिक्र, शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी**

### पीएम से मिलने का 14 साल का संकल्प पूरा, मोदी ने पहनाए जूते

यमुनानगर में पीएम मोदी का पार्टी कार्यकर्ता के साथ प्यार और स्नेह की एक तस्वीर भी सामने आई है। यहां पीएम मोदी एक पार्टी कार्यकर्ता को अपने हाथ से जूते पहना रहे हैं। इस पर पीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसका एक वीडियो शेयर किया है। सार्वजनिक सभा के दौरान मेरी मुलाकात कैथल से आए रामपाल कश्यप से हुई। उन्होंने 14 ▶▶ शेष पेज 5 पर






*कर्नाटक सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के हक को छीन लिया*

### कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिमों का भी भला नहीं किया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में कहा कि कर्नाटक सरकार ने एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीन लिया और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिम समुदाय का भला नहीं किया, बल्कि उन्हें नुकसान ही पहुंचाया है। कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को खुश करने का काम किया।




### कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया

पीएम मोदी ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने जब तक वे थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। 2-2 बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस सरकार उनको उखाड़ फेंकने में लगी थी। उनको सिस्टम से बाहर रखा गया। वे नहीं रहे, तो कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म करना चाहा। कांग्रेस संविधान की भक्षक है। चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न नहीं दिया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सलमान खान की कार को बम से 'उड़ाने' की धमकी



मुंबई। जाने-माने अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले 'सिकंदर' के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने लगातार मिल रही धमकियों पर कहा था कि भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है।

### अब रद्द चेक की तस्वीर अपलोड नहीं करें



मुंबई। बीते कुछ दिनों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े कई नियम बदल गए हैं। इसका असर ईपीएफओ के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ने वाला है। इनमें से एक नियम पीएफ क्लेम के प्रोसेस से जुड़ा है तो एक नियम वेरिफिकेशन को लेकर है।

300 किलो से अधिक है जब्त किए गए 'मेथामफेटामाइन' का वजन

## तटरक्षकबल और गुजरात एटीएस की बड़ी कामयाबी, जब्त किया 1800 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षकबल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। दोनों ने एटीएस के पुख्ता खुफिया इनपुट के आधार पर एक संयुक्त अभियान चलाकर 300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ 'मेथामफेटामाइन' जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 1800 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 12-13 अप्रैल की घनघोर रात में गुजरात और महाराष्ट्र से लगी हुई अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के करीब यह अभियान चलाया गया। जिसमें एक संदिग्ध नौका के ट्रांसशिपमेंट प्रयास को विफल कर इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ ▶▶ शेष पेज 7 पर



बिहार चुनाव से पहले हो सकता है विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों का ऐलान

## राजद नेता तेजस्वी यादव आज दिल्ली में मिलेंगे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से, होगी सीट बंटवारे और सीएम-फेस पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनावों से बहुत पहले इस बार कांग्रेस,राजद, और वामदलों के बीच सीटों के बंटवारा साफ हो जाना है। इसी रीति नीति के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के साथ उनके प्रवास पर राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ बातचीत पहले राउंड की चर्चा हुई थी। मंगलवार को तेजस्वी अब मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर मिलकर विस्तार से सीटवार चर्चा करने दिल्ली पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि चर्चा में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इसी साल नवंबर में सभावित विधानसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर



### राहुल गांधी तैयार करेंगे कांग्रेस का गुजरात मॉडल, आज से रहेंगे दो दिवसीय दौरे पर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस को सांगठनात्मक दृष्टि से मजबूत करने के लिए पहली बार कुछ ठोस होता हुआ दिख रहा है। शीर्ष नेतृत्व ने पहले अहमदाबाद में मंथन किया। संगठन के नये सृजन के लिए गुजरात मॉडल तैयार किया गया। मॉडल पर काम की शुरूआत करने के लिए अब राहुल गांधी मंगलवार और बुधवार को संगठनात्मक गतिविधियों के लिए खुद दौरा करेंगे। यह दौरा गुजरात में कांग्रेस की जिला कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मंजूरी दी है। यह पहल 2027 के गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। राहुल गांधी 15 और 16 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया की निगरानी ▶▶ शेष पेज 7 पर



सीएम डॉ. यादव ने भीम जन्मस्थली डॉ. आंबेडकर नगर में नमन करते हुए कहा

## बाबा साहेब ने आरक्षण की व्यवस्था के साथ प्रेरणा दी कि शिक्षा की 'कमी' न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है।

डॉ. आंबेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचे थे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर कई मंत्री, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयायी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र ▶▶ शेष पेज 7 पर






**केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में किया बैठक का आयोजन**

## टास्क फोर्स ने की उच्च-शिक्षण संस्थानों में बढ़ते छात्र आत्महत्या के मामलों की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें रोकने के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करना था। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. रविन्द्र भट की अध्यक्षता में हुई। केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों के सचिव और विधि-न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। सचिवों में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग में सचिव डॉ. विनीत जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव अमित यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक मुख्य हैं। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### आठ महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

गौरतलब है कि इसी साल 24 मार्च को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च-शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर ध्यान दिया। साथ ही उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. रविन्द्र भट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया था। 29 मार्च को इसकी पहली बैठक हो चुकी है। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपने के लिए चार महीने और अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ महीने का समय दिया गया है। टास्क फोर्स में विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के अलावा विशेषज्ञों का एक पूरा पैनल शामिल है। जिसमें डॉ. आलोक सरीन, प्रो. मैरी ई.जॉन, अरमान अली, प्रो. राजेंद्र काचरू, डॉ. अक्सा शेख, डॉ. सीमा महरोत्रा, प्रो. वर्जिनियस जाक्सा, डॉ. निधि सभरवाल और अपर्णा भट मुख्य हैं।

## खबर संक्षेप



### कार में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी एक कार में सोमवार दोपहर आग लग गई, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। यह जानकारी दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना अपराह्न 2.15 बजे मिली। अधिकारी ने बताया कि हमने दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा और आग बुझाने का काम कुछ मिनट तक चला।

### बड़े गमलों में नहीं लगाए जा रहे पौधे, बन रहे डस्टबिन



**नई दिल्ली।** दिल्ली को हरा भरा बनाने के लिए दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग जगह जगह बडे.स्तर पर पौधारोपण करता है लेकिन अनदेखी के चलते बड़ी संख्या में पौधे सूख कर नष्ट हो जाते हैं। ऐसा ही हाल मुकरबा चौक से आजादपुर की तरफ मार्ग पर लगाए गए बड़े बड़े सीमेंटिड गमलों का देखा जा रहा है। बता दें कि गत वर्ष दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने बड़े गमलों में पौधारोपण किया था लेकिन देखरेख नहीं की गई और इन दिनों अधिकतर गमले खाली हैं और कूड़े कचरे के रूप में डस्टबिन की तरफ प्रयोग में देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बड़े बड़े गमलों की देखरेख पर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो यहां इन दिनों हरियाली होती। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जगह जगह गमले तो रख दिए जाते हैं लेकिन उनकी रखवाली नहीं की जाती है और पानी नहीं डालने से पौधें सूख जाते हैं।

### अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिक पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बिना वैध वीजा के भारत में रहने वाले दो बांग्लादेशी सहित 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिन्हें वापस उनके देश भेजा जाएगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोहन गार्डन और उत्तम नगर इलाकों में एक अभियान के दौरान बांग्लादेशियों के अलावा 12 नाइजीरियाई और आइवरी कोस्ट के एक नागरिक को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान पाया गया कि वे लोग बिना वैध वीजा के भारत में तय अवधि से अधिक समय से रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया और सत्यापन के बाद, विदेशी नागरिक क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने उन लोगों को उनके देश भेजने का आदेश दिया है।

### 36 किलो गांजा किया जब्त, दो गिरफ्तार

# अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का किया भंडाफोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान में सक्रिय एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 36 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया और गिरोह के दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 11 अप्रैल को द्वारका-नजफगढ़ रोड पर आईटीबीपी कैंप के पास राजा कुमार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि राजा शैक्षणिक संस्थानों के पास बेचने के लिए 23.9 किलोग्राम गांजा स्कूटर पर ले जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच में कुमार के सहयोगी साजन (19) को चंदर विहार से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि साजन के पास से 12.235 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया।

अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि मादक पदार्थ लक्ष्मी नगर के रहने वाले संतोष के माध्यम से लाया गया था। उन्होंने बताया कि मामले के तार बिहार से जुड़े होने का संदेह है।

अधिकारी ने बताया कि कुमार को पहले भी स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत इसी तरह के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह पिछले पांच वर्षों से मादक पदार्थ की तस्करी के धंधे में शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में युवाओं को मादक पदार्थ बेचते थे।

## पेट्रोल चोरी का विरोध करने वाले को जलाने का आरोपी दबोचा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के तिगरी में पेट्रोल चोरी की कोशिश के दौरान एक व्यक्ति को कथित तौर पर जलाने और एक अन्य को गोली मारने के मामले में फरार 28 वर्षीय गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर मोहम्मद आसिफ उर्फ हकला, दीपक पंडित गिरोह से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि आसिफ और उसके कुछ साथी 9 अप्रैल देर रात तिगरी के सी ब्लॉक स्थित छोटी मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल से पेट्रोल चुराने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी के मुताबिक, जब एक स्थानीय युवक मोहम्मद शान ने पेट्रोल चोरी का विरोध किया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उन्होंने बताया कि शान के पड़ोसी सलमान ने जब पुलिस को फोन कर वारदात की जानकारी देने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे कथित तौर पर गोली मार दी। अधिकारी के अनुसार, शान और सलमान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सलमान अब भी कोमा में है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को पता चला कि आसिफ फरीदाबाद में छिपा हुआ है और बाद में उसे प्रह्लादपुर-सूरजकुंड सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान आसिफ ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि अपराध में फैजान, भूरी और अरमान भी उसके साथ थे।

### आईपीयू : पीजी डिप्लोमा इन अप्लाइड जिओ-इंफ़ॉर्मैटिक्स का नाम बदला



**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से शुरू होने जा रहे पीजी डिप्लोमा इन अप्लाइड जिओ-इंफ़ॉर्मैटिक्स का नाम बदलकर एमएससी इन एप्लाइड जिओ-इंफ़ॉर्मैटिक्स कर दिया है। इस प्रोग्राम के अलावा बीएससी इन एनवायरनमेंट साइंसेज एवं एमएससी इन एनवायरनमेंट मैनेजमेंट में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए सब्जेक्ट्स का विवरण भी जारी कर दिया गया है। ये तीनों प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ एनवायरनमेंट मैनेजमेंट (यूएसईएम) में उपलब्ध हैं। यूएसईएम के डीन प्रो. वरुण जोशी के अनुसार ये तीनों प्रोग्राम जॉब-ओरिएंटेड हैं और इंडस्ट्री की मांग को ध्यान में रख कर शुरू किए गए हैं। इसकी संबंधित जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैं।

## खुफिया अधिकारी को लूटने के आरोप में दो ऑटो चालक अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के आर के आश्रम मार्ग के पास चाकू दिखा कर खुफिया ब्यूरो के एक अधिकारी को लूटने के आरोप में दो ऑटो-रिक्शा चालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 11 अप्रैल को शिकायतकर्ता पहाड़गंज के एक रेस्तरां में गया था, जहां से आरोपी अख्तर रजा (41) और गुलाम रजा (25) ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महला ने बताया कि रात करीब एक बजे जब शिकायतकर्ता आरके आश्रम मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर ऑटो-रिक्शा का इंतजार कर रहा था, तो दोनों ने चाकू दिखा कर उससे लूटपाट की। शिकायतकर्ता खुफिया ब्यूरो में काम करता है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने उसका पर्स छीन लिया, जिसमें उसके डेबिट और क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, सीजीएचएस कार्ड और 1,500 रुपये नकद थे। इस मामले में मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उसका विश्लेषण किया गया। अधिकारी ने कहा कि फुटेज की समीक्षा के दौरान एक संदिग्ध ऑटो-रिक्शा - अख्तर - की पहचान की गई। उसे ट्रैक किया गया और पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, अख्तर ने कथित तौर पर अपनी संलिप्तता कबूल की और खुलासा किया कि उसने और रजा ने पहाड़गंज के एक रेस्तरां से पीड़ित का पीछा करने के बाद उसे लूटने की योजना बनाई थी। पुलिस ने कहा कि अख्तर ने रजा को आरके आश्रम मार्ग यातायात सिग्नल के पास छोड़ दिया। इसके बाद रजा ने शिकायतकर्ता के पास जाकर चाकू दिखा कर उसे लूट लिया। इसके बाद रजा को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

शिकायतकर्ता का पर्स, आधार और मतदाता पहचान पत्र, साथ ही 725 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर लूट में इस्तेमाल चाकू और अपराध में इस्तेमाल ऑटो-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि दोनों ऑटो-रिक्शा चालक है और बिहार के किशनगंज जिले के मूल निवासी हैं।

### स्ट्रीट वेंडर एक्ट सही ढंग से हो लागू, किया आह्वान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ स्थित गांधी पीस फाउंडेशन में नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी व समाजसेवी अनिल प्रधान के तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्य समिति का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसकी घोषणा निर्वाचन अधिकारी ने की। दिल्ली के वेन्डर नेता सागर यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी क्रम में अलग अलग प्रदेशों के पदाधिकारी भी चुने गए। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिये स्ट्रीट वेंडर एक्ट-2014 को सही ढंग से लागू करने के लिये आह्वान किया। अंत में वंदे मातरम गीत के बाद सभी को धन्यवाद देने के बाद सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

## दो करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति धोखाधड़ी के आरोप में दंपति पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक अनिर्मित इमारत में व्यावसायिक जगह दिलाने का वादा कर एक व्यवसायी से 2.70 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान विनय जैन (55) और उसकी पत्नी आशा जैन (52) के रूप में हुई है। बयान के अनुसार, दंपति ने शिकायतकर्ता वीरेंद्र कथूरिया को प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर में तीन दुकानें बुक करने का लालच दिया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने झूठा दावा किया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इमारत बनाने के लिए खाली जमीन का कब्जा सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की बात पर भरोसा करते हुए कथूरिया ने एक जनवरी, 2016 को 2.70 करोड़ रुपये का भुगतान किया और कब्जा मिलने पर 74.60 लाख रुपये का भुगतान करने को लेकर समझौता हुआ। अधिकारी ने बताया, "हालांकि बाद में पता चला कि आरोपियों ने आठ अप्रैल, 2016 को एक फाइनेंस कंपनी को संपत्ति गिरवी रख दी थी। ऋण चुकाने में चूक करने के बाद संपत्ति की नीलामी की गई और अंततः उसे ध्वस्त कर दिया गया, जिससे शिकायतकर्ता को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि बार-बार समन जारी किये जाने के बावजूद आरोपियों ने जांच में कभी सहयोग नहीं किया और 25 अप्रैल 2023 को दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि लगातार प्रयासों के बाद दंपति को सात अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, विनय आठवीं कक्षा की पढ़ाई छोड़ चुका है, जबकि आशा स्नातक है। पुलिस ने बताया कि उनकी शादी 1993 में हुई थी और वे कथित तौर पर कई कंपनियां चला रहे हैं। बयान के मुताबिक, आरोपी दंपति वित्तीय धोखाधड़ी के कई मामलों में आरोपी हैं।

## आप-भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पकड़ा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी और भाजपा के कई सदस्यों ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी का हाथ पकड़ लिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं को पटका पहनाकर सदस्यता प्रदान की और स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में करावल नगर और गांधीनगर विधानसभा के आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेता शामिल थे। इनमें ओबीसी आयोग के पूर्व सलाहकार सतीश डेढ़ा, करावल नगर डूसू प्रभारी मोहित डेढ़ा, आप यूथ विंग के आयोजन सचिव यश सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर यादव के अलावा पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र नाथ, जिला प्रभारी डॉ. पी.के. मिश्रा, लक्ष्मण रावत और गांधी नगर विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व उम्मीदवार कमल अरोड़ा सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर बोलते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि आप और भाजपा से आए नए कार्यकर्ताओं और नेता विकास और प्रगति के लिए कांग्रेस की विचारधारा से आकर्षित हुए हैं। क्योंकि कांग्रेस का अपने वादों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड है, जबकि आम आदमी पार्टी ने हमेशा लोगों को धोखा देने के लिए केवल झूठे वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि आप के और भी कार्यकर्ता और नेता कांग्रेस में शामिल होने की कतार में हैं। क्योंकि वे केजरीवाल पार्टी के भ्रष्टाचार और धोखे से निराश और नाराज हैं। यादव ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने वालों को पार्टी में उचित जिम्मेदारियां दी जाएंगी और पार्टी के दरवाजे उन सभी के लिए खुले हैं जो लोगों के अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भी पिछली केजरीवाल सरकार की तरह लोगों को केवल लुभावने वादे करके धोखा दे रही है तथा उन्हें पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ शिक्षा विभाग में सुधारों को लेकर हुई चर्चा

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) के महामंत्री अजय वीर यादव ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद से शिष्टाचार भेंट की और समस्त शिक्षक समाज की ओर से उन्हें अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महासचिव यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन केवल एक श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का दिन है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद से शिक्षा विभाग में आवश्यक सुधारों को लेकर भी प्रारंभिक चर्चा हुई, और यह सहमति बनी कि आगामी दिनों में एक प्रतिनिधिमंडल विस्तृत बैठक के लिए आमंत्रित किया जाएगा। महासचिव यादव ने मंत्री को पिछले 10 वर्षों के झूठे प्रचारित शिक्षा मॉडल की वास्तविकता को उजागर करती हुई राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ की 'संपूर्ण संघर्ष पत्रिका' भी भेंट की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निकट भविष्य में शिक्षा विभाग में सकारात्मक बदलाव होंगे और शिक्षक समाज की भूमिका उसमें निर्णायक रहेगी।

## अपनी मांगों को लेकर निगम शिक्षकों का धरना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ एकजुटता से डर कर स्कूलों का निरीक्षण करेंगे अधिकारी

दिल्ली नगर निगम के शिक्षक आज 15 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के गेट नंबर 3 पर धरना प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप खत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को निगम के हजारों शिक्षक सिविक सेंटर के गेट नंबर 3 पर अपने बकाया वेतन और लाखों रुपए के बकाया एरियर्स की मांग के साथ मेंटर्स शिक्षक पॉलिसी को बंद करने के लिए एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप खत्री ने कहा कि ये निगम में वर्तमान शिक्षा निदेशक की बौखलाहट को साफ दर्शाता है कि वे शिक्षक समाज की एकजुटता से डर गए हैं।

शिक्षकों ने कहा कि इस कारण शिक्षा विभाग ने 15 अप्रैल को स्कूलों में निरीक्षण रखा है। पर शिक्षक समाज छुट्टी लेकर धरने में आएगा, छुट्टी लेना शिक्षकों का अधिकार है ज्यादा तानाशाही जबरदस्ती करने पर शिक्षक समाज का धरना अनिश्चितकालीन में बदल सकता है और उन्होंने वर्तमान शिक्षा निदेशक को तुरंत हटाने की मांग की अन्यथा शिक्षा विभाग फिर से अंधेरे और भ्रष्टाचार के दौर से गुजरेगा जिसका विरोध शिक्षक समाज रोड पर उतरकर करेगा।

### एमसीडी ने डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर सिविक सेंटर में किया भव्य कार्यक्रम

# डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा और संविधान से भारत को दी एक नई दिशा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




■ सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र भी किए प्रदान

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में अपार संघर्षों का सामना करते हुए, शिक्षा और संविधान के माध्यम से भारत को एक नई दिशा दी। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम, सिविक सेंटर में भव्य समारोह के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने ना केवल संविधान का निर्माण किया, बल्कि उसमें हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म के लोगों के अधिकार सुनिश्चित किए। इस अवसर पर महापौर महेश कुमार ने की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, और मानव अधिकारों का प्रतीक हैं।

वहीं, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि बाबा साहब एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री, विधिवेत्ता, समाज सुधारक, शिक्षाविद और संविधान निर्माता थे। उन्होंने विश्व के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर अपने ज्ञान का उपयोग देश और समाज के उत्थान के लिए किया। आयुक्त ने निगम विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक की सराहना की और कहा कि निगम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर नेता कांग्रेस नाज़िया दानिश, अतिरिक्त आयुक्त जितेन्द्र यादव, वीर सिंह यादव, पंकज नरेश अग्रवाल, प्रमुख अभियंता के पी सिंह क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जय भीम पदयात्रा का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली।** भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय 'एनवाईकेएस माई माई भारत' ने रविवार को 'जय भीम पदयात्रा' नामक एक 'राज्य स्तरीय पदयात्रा' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। एनवाईकेएस से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार पदयात्रा का नेतृत्व दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविंदर सिंह इंद्राज ने किया। पदयात्रा 'इंद्रप्रस्थ कॉलेज, सिविल लाइंस, दिल्ली विश्वविद्यालय' से सुबह 8 बजे शुरू हुई और 'अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, सिविल लाइंस' पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में युवाओं की भारी भागीदारी देखी गई, जिसमें दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से '1200 से अधिक माई भारत युवा प्रतिभागियों' ने 'सामाजिक न्याय, समानता और डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा बताए गए मूल्यों' का संदेश फैलाने के लिए उत्साहपूर्वक साथ-साथ कदम बढ़ाया।

### छात्र-छात्रों ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रस्तुत किया नाट्य रूपांतरण

**नई दिल्ली।** ड्रीम सोशल वेलफेयर कौशल विकास संस्था ने गरीब, असहाय बहन बेटियों के साथ मिलकर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। संस्था नरेला, बांकनेर में गरीब असहाय अशिक्षित अप्रशिक्षित बहन बेटियों को शिक्षित बना और बेरोजगार महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम में लगी है। संस्था के सहयोग से छात्र-छात्रों ने बाबासाहेब के जीवन पर नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। कैसे बाबासाहेब ने गलियों मौहल्लों में जाकर लोगों को इकठ्ठा किया और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी जाति धर्म के हर वर्ग के महिलाओं पुरूषों ने केक काटा और बाबा साहेब के जय कारें लगाएं गरीब बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेट किए।

कोटा स्पेशल इंपैक्ट फीचर

# एम्स हो या आईआईटी हर चौथा स्टूडेंट होता है कोटा कोचिंग से

## कोटा कोचिंग ने दिए 31 से ज्यादा ऑल इंडिया टॉपर्स


कोटा कोचिंग के वर्ष 2024 के रिजल्ट्स में आईआईटी व एम्स एडिमशन में हर चौथा स्टूडेंट कोटा कोचिंग से है। जेईई एडवांस्ड में वेद लाहोटी, जेईई मेन में नीलकृष्ण एवं नीट में 6 ऑल इंडिया टॉपर्स एलन कोटा कोचिंग से रहे। पिछले 10 वर्षों में कोटा कोचिंग ने चार बार नीट व आईआईटी-जेईई में एक साथ ऑल इंडिया टॉपर दिए हैं।

कोटा कोचिंग से 2014 में चित्रांग मुरडिया जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा तेजस्विन झा एआईपीएमटी टॉपर एलन कोटा से रहे, वर्ष 2016 में भी कोटा कोचिंग के अमन बंसल जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा हेत संजय शाह नीट आल इंडिया टॉपर एलन से रहे। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड व नीट दोनों में ऑल इंडिया 1, 2, 3 रैंक एलन क्लासरूम से रही। एम्स-2017 में सभी टॉप-10 स्टूडेंट्स एलन से रहे। निशिता पुरोहित ने ऑल इंडिया टॉप किया। वर्ष 2019 में कार्तिकेय जेईई-एडवांस्ड तथा नलिन खंडेलवाल नीट में टॉपर रहे।

### मेंटोरशिप प्रोग्राम

कोटा कोचिंग में हर स्टूडेंट का एक मेंटोर (फैकल्टी) होता है, जिससे वह व्यक्तिगत रूप से जुड़कर हर समस्या का समाधान ले सकता है।

## साल-दर-साल कोटा कोचिंग लगातार दे रहा रिकॉर्ड रिजल्ट्स




## हर साल ऑल इंडिया टॉपर कोटा कोचिंग से

| आईआईटी-जेईई | | नीट/एम्स/एआईपीएमटी | |
|---|---|---|---|
| 2024 | वेद लाहोटी | 2024 | माजिन, दिव्यांश, प्राचिता, नेहा माने, तेजस |
| 2021 | मृदुल अग्रवाल | 2022 | तनिष्का |
| 2019 | कार्तिकेय गुप्ता | 2020 | शोएब आफताब |
| 2016 | अमन बंसल | 2019 | नलिन खंडेलवाल |
| 2015 | सतवत जगवानी | 2017 | निशिता पुरोहित |
| 2014 | चित्रांग मुरडिया | 2016 | हेत संजय शाह |
| 2008 | शितिकांत | 2014 | तेजस्विन झा |
| 2007 | अचिन बंसल | 2013 | आयुष गोयल |
| 2002 | डूंगराराम | 2010 | लोकेश अग्रवाल |
| 2000 | नितिन गुप्ता | | |

**जेईई मेन** 2024 में नीलकृष्ण एवं पिछले वर्षों में गुरमीत सिंह, मृदुल अग्रवाल, पुलकित गोयल, सिद्धांत मुखर्जी, अंशुल वर्मा, काव्या चौपड़ा, कल्पित वीरवाल टॉपर रहे।

## अपने-अपने अनुभव

### कोटा की धरती बना रही देश के चैंपियन

कोटा में कॉम्पीटिशन का लेवल और पढ़ाई का माहौल बहुत अलग है। इसे देखते हुए ही एलन में पढ़ाई शुरू की। जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां बेस्ट स्टूडेंट्स का साथ है, बेस्ट फैकल्टीज की गाइडेंस है और पढ़ाई के लिए एलन कोटा में बेस्ट इको सिस्टम है। मेरा रैंक-1 का लक्ष्य पूरा करने में कोटा आना सबसे सही निर्णय रहा।



*-वेद लाहोटी, एआईआर-1, जेईई-एडवांस्ड 2024*

नीट की तैयारी के लिए एलन कोटा ज्वाइन किया। यहां आकर मेरा कॉन्फीडेंस अलग ही लेवल का हो गया, क्योंकि यहां का माहौल ही अलग है। इसका रिजल्ट भी सबके सामने है। परिवार हरियाणा से है। घर में पापा, चाचा सेना में हैं तो मेरा मन भी देश सेवा का था लेकिन पापा ने कहा कि तुम डॉक्टर बनकर देश सेवा करो।



*- दिव्यांश जितेन्द्र, एआईआर-1, नीट 2024*

नीट में कम्पीटिशन बड़ा है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए और बड़ी तैयारी के लिए कोटा आना सबसे सही फैसला था। इससे न केवल मेरा सेल्फ असेसमेंट प्रॉपर हुआ, वरन मुझे अच्छा कम्पीटिशन भी मिला जिससे मुझमें निरन्तर सुधार हुआ और मैं सफलता प्राप्त कर सकी।



*-तनिष्का, एआईआर-1, नीट 2022*

दो साल से कोटा में हूं। पहले मेरी बेटी ने यहां पढ़कर आईआईटी खड़गपुर में एडमिशन लिया, अभी बेटे ने जेईई-मेन क्लीयर कर लिया है। एडवांस्ड की तैयारी कर रहा है। मेरे बच्चों का जीवन कोटा ने बनाया है। यहां माहौल का फर्क है। बच्चे एक दूसरे को देखकर सीखते हैं। कोटा के लोग भी बहुत अच्छे हैं। *-नीलू गौतम, पेरेंट*



## कोटा... एक ऐसा शहर जहां मेहनत को दिशा, संघर्ष को हौसला और सपनों को मिल रही उड़ान

# कोटा : बड़ी जीत के लिए बड़ा मैदान

### जेईई व नीट जैसे बड़े कम्पीटिशन के लिए देश का बड़ा मैदान है कोटा

**चम्बल** किनारे बसा शहर कोटा शिक्षा की काशी है। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि लाखों सपनों की कर्मभूमि है। यहां हर साल हजारों छात्र अपने भविष्य की नींव रखने आते हैं। यह वह जगह है, जहां मेहनत को दिशा मिलती है, संघर्ष को हौसला मिलता है, और सपनों को उड़ान मिलती है। यही कोटा की असली परिभाषा है। कोटा सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का केंद्र नहीं रहा। यह जीवन जीने की पाठशाला भी बन गया है। माता-पिता अब कहते हैं कि 'कोटा जाओ, वहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिंदगी के सबक भी सीख जाओगे।' यहां स्टूडेंट्स को मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफलता के असली मायने समझाए जाते हैं।

### ऐसे हुई शुरुआत

1988 में एक छोटी सी शुरुआत ने कोटा की पहचान बदली। जब यहां के एक पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारी शिक्षक राजेश माहेश्वरी ने सबसे पहले सभी विषयों की कोचिंग एक छत के नीचे देने का नवाचार करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना की। यह पहल धीरे-धीरे सफलता में तब्दील होने लगी, वर्ष-दर-वर्ष कोटा की पहचान इस क्षेत्र में मजबूत होती चली गई। इस तर्ज पर कई संस्थान शुरू होते चले गए। आज कोटा को एजुकेशन कैपिटल के रूप में पहचाना जा रहा है। कोटा में देश ही नहीं वरन दुनिया से स्टूडेंट्स मेडिकल व इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए आ रहे हैं। कोटा क्लासरूम कोचिंग के साथ अत्याधुनिक तकनीक से भी स्टूडेंट्स को सपोर्ट दे रहा है।

## मॉडल एजुकेशन सिटी, जहां है 'संस्कार से सफलता' तक की शिक्षा




**एक शहर...** जहां देश के हर प्रांत से श्रेष्ठ स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ते हैं।

**एक शहर...** जहां देश के सबसे ऊर्जावान और युवा फैकल्टीज स्टूडेंट्स के आइकन हैं।

**एक शहर...** जहां पढ़ाई के लिए देश का सबसे बेहतर माहौल है।

**एक शहर...** जहां बातों-बातों में दिनभर में लाखों सवाल हल हो जाते हैं।

**एक शहर...** जहां आबादी के 15 प्रतिशत देशभर से आए स्टूडेंट्स हैं।

**एक शहर...** जहां देश के हर कोने से आई करीब 50 हजार बेटियां अपना कॅरियर बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं।

**एक शहर...** जहां स्टूडेंट्स की केयरिंग परिवार की तरह की जा रही है। कोचिंग, हॉस्टल के साथ शासन-प्रशासन सभी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने के लिए प्रयासरत हैं।

**एक शहर...** जहां के एलन संस्थान का दुनिया में सबसे ज्यादा क्लासरूम स्टूडेंट्स पढ़ाने का रिकॉर्ड है।

**एक शहर...** एक शहर जो सबसे ज्यादा डॉक्टर व इंजीनियर देता है।

**एक शहर...** जहां के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

**एक शहर...** जहां अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर एजुकेशन दी जा रही है।

**एक शहर...** जिसका हैप्पीनेस इंडेक्स अन्य शहरों से ज्यादा है।

### कोटा कोचिंग के ऐसे उदाहरण जो समाज में बदलाव की कहानियां लिख रहे हैं

कोटा जिंदगी बदल रहा है। कामयाबी की कहानियां लिख रहा है, वो कहानियां जो समाज में बदलावों के लिए प्रेरक साबित हो रही है। छोटे गांव कस्बे के निर्धन परिवार की प्रतिभा को कामयाबी दिलाने की जिद हो या देश को नई दिशा देने की, कोटा साथ है।



*रामचंद्र, वात्सल्य व डॉ. रूपा*

यहां के तुहीन-डे (90% विकलांगता के साथ एनआईटी में), बालिका वधू डॉ. रूपा यादव, गूगल में कार्यरत दिहाड़ी मजदूर का बेटा रामचन्द्र सांखला, माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत वेल्डर का बेटा वात्सल्य चौहान, कुली का बेटा खेराज, घर-घर कबाड़ एकत्रित करने वाले का बेटा अरविन्द कुमार, शोध कर रही कैंसर से लड़ने वाली डॉ. अनीशा, बुनकर का बेटा मनोहरलाल, चौब सिंह, विशाल बिस्वास, राकेश बंजारा सहित सैंकडों ऐसे स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर-इंजीनियर बनकर सामाजिक बदलाव के उदाहरण बने।

## यूं समझिए कोटा को

**13** लाख वर्तमान कोटा शहर की आबादी

**1.50** लाख से अधिक कोचिंग स्टूडेंट

**5** हजार अनुभवी फैकल्टीज

**25%** सीटों पर कोटा कोचिंग स्टूडेंट आईआईटी, एनआईटी और एमबीबीएस में



**50** हजार से अधिक छात्राएं।

**04** हजार हॉस्टल्स, 1500 से अधिक मैस

**25** हजार से अधिक स्टूडेंट्स पीजी में।

## कोटा केयर्स | कोचिंग, कॅरियर के साथ केयरिंग का नया कोटा

### 4 दशक में जीता 30 लाख परिवारों का भरोसा, देश को दिए 10 लाख से अधिक डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा** शहर अब एक नई परिभाषा और नए संकल्प के साथ स्थापित हो रहा है। पहले कोटा को सिर्फ 'कॅरियर व कोचिंग सिटी' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'केयर सिटी' भी बन चुका है। यहां न सिर्फ पढ़ाई होती है, बल्कि छात्रों की देखभाल, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। 'कोटा केयर्स' अभियान ने पूरे शहर को स्टूडेंट्स की सफलता से जोड़ दिया है। कोटा ने अब तक 30 लाख परिवारों का भरोसा जीता है। करीब 10 लाख स्टूडेंट्स का कॅरियर डॉक्टर-इंजीनियर आदि प्रोफेशनल्स के रूप में बनाया है। कोटा केयर्स के तहत हॉस्टल संचालकों, ऑटो चालकों और डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए पहल की है।



### कोटा कोचिंग पैटर्न : एक्सपिरियंस लर्निंग सिस्टम

पिछले चार दशकों की एक्सपिरियंस लर्निंग से कोटा कोचिंग एक पैटर्न बन गया है, जिसका देशभर में अनुसरण किया जा रहा है। देश में मेट्रो और कोटा से बड़े अन्य शहर कोटा कोचिंग के पैटर्न के आधार पर बच्चों का कॅरियर बना रहे हैं। कोटा कोचिंग पैटर्न पढ़ाई की ऐसी पद्धति बन गई है जो सफलता के लिए आवश्यक है।

### देश के लिए मॉडल सिटी बनाने की पहल

कोटा में अकेडमिक एक्सीलेंस के साथ अब कोटा केयरिंग मॉडल को जोड़ते हुए शहर को मॉडल सिटी बनाने की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कोटा केयर्स अभियान के तहत एजुकेशन के साथ केयरिंग जोड़ते हुए ऐसा इको सिस्टम डवलप किया जा रहा है जो देश में एक मॉडल की तरह स्थापित हो। प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर शहर में हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, पीजी संचालक, मैस, स्ट्रीट वेंडर्स सभी आगे आए हैं

## छात्रों के लिए देश का पहला इमोश्नल वेलबीइंग सेंटर

कोटा अनुभवों से सीख रहा है। यह पहला शहर है जहां स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। स्टूडेंट्स को एडवांस केयर कैसे दी जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, इस पर कोटा अब देश के अन्य शहरों से आगे बढ़ रहा है। यहां देश के पहले इमोशनल वेल बीइंग सेंटर की स्थापना की, जो एक इंटीग्रेटेड कैंपस है जहां सभी तरह के काउंसलर 24 घंटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### कोटा इसलिए है दूसरे शहरों से अलग

- **पढ़ाई का तरीका:** विषयों की गहराई ही नहीं, बल्कि प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर भी ध्यान दिया जाता है।
- **संघर्ष से सीख:** केवल परीक्षा पास करना ही नहीं सिखाता, बल्कि कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- **नेशनल लेवल कम्पीटिशन:** देश के बेस्ट फैकल्टीज स्टूडेंट को नेशनल लेवल के कंप्टीशन के लिए तैयार करते हैं।

## एक्सपर्ट कमेंट्स | कोटावासियों की मेहनत और अनुभव से मजबूत बनी है शिक्षा की काशी कोटा सिटी

# अपने कर्म और कौशल से कोटा ने हासिल की कीर्ति

### कोटा के बेटा-बेटी देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे

अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा भेजें। यहां सुरक्षित वातावरण के साथ अच्छी शिक्षा है। यहां आकर विद्यार्थी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी आज देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाला समय कोटा का और बेहतर होगा। कोटा स्टूडेंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने की समझ रखता है। यहां का माहौल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



***- ओम बिरला,***
*लोकसभा अध्यक्ष*

### स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित

पूरा कोटा आने वाले बच्चों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह देखभाल करने हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु पिछले एक वर्ष में कई प्रयास कोटा द्वारा किए गए हैं, जिसमें कोटा केयर्स अभियान के तहत पूरे शहर के आमजन को स्टूडेंट केयरिंग से जोड़ा जा रहा है। अब यहां हर वर्ग स्टूडेंट की केयरिंग के लिए फोकस्ड है। समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से स्टूडेंट्स से बातचीत करते हैं, उनके मन की बात जानते हैं और उन्हें समाधान देते हैं।



***-डॉ.रविन्द्र गोस्वामी,*** *जिला कलक्टर, कोटा*

### स्टूडेंट्स के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल शहर

कोटा देश में विद्यार्थियों के लिए बहुत अनुकूल और सुरक्षित शहर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए ही कई पहल भी की गई है, जिसमें कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स (K-SOS) एप लॉन्च किया गया है। इसमें पैनिक बटन दिया गया है। पुलिस हर कदम पर स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना है। कोचिंग स्टूडेंटस वाले क्षेत्रों में नियमित गतिविधियां की जा रही है, बच्चों से बातचीत भी करते हैं, उन्हें समझते हैं।



***- डॉ.अमृता दुहन,*** *सिटी एसपी, कोटा*

### कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है

कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है। यहां एक ऐसा इको सिस्टम है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई के लिए प्रेरित होता है। चार दशकों के अनुभव से कोटा का सिस्टम इतना मजबूत हो गया है कि स्टूडेंट की जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझकर समाधान दिए जाते हैं। यही कारण है कि स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वाइस कोटा है। यहां बेस्ट स्टूडेंट के साथ बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट माहौल का पूल स्टूडेंट को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और यही प्रेरणा परिणामों में नजर आती है।



***- राजेश माहेश्वरी,*** *निदेशक, एलन करियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि.*

## नेशनल लेवल कम्पीटिशन का सबसे बड़ा रन-वे



**कोचिंग** सिटी कोटा नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन के लिए रनवे है। यहां देशभर के टॉप ब्रेन आते हैं और साथ पढ़ते हैं। ऐसे में यहां मिलने वाला नेशनल लेवल का कम्पीटिशन स्टूडेंट को नेशनल लेवल के लिए निखारता है। स्टूडेंट अपना सेल्फ एनालिसिस भी आसानी से कर सकते हैं। यहां वे वास्तविक परीक्षा के बहुत करीब खुद को पाते हैं और उसी के अनुरूप अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में कोटा के रन-वे पर रफ्तार पकड़ने वाले स्टूडेंट्स के उड़ान भरने के अवसर अधिक होते हैं।

# खबर संक्षेप

## निवेश कराने के मामले में 2 आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद**। थाना साइबर सेंट्रल की पुलिस टीम ने इनवेस्टमेंट एप में निवेश कराकर ठगी करने के मामले में 2 आरोपी जेनूद्दीन व विकास को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराध थाना सेंट्रल में सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में 22 नवंबर 2024 से 9 जनवरी 2025 तक वेलोसिटी ऐप पर धीरे-धीरे निवेश किए गए 75.83 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया।

## अलग-अलग स्थानों से 3 लोगों को काबू किया



**फरीदाबाद**। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कर्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करते हुए अपराध शाखाओं की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को 1 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा व 1 बटनदार चाकू सहित गिरफ्तार किया हैं। अपराध शाखा की टीम ने राहुल निवासी बसेलवा कालोनी को बाईपास रोड ओल्ड फरीदाबाद से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया।

## दो गोतस्कर गिरफ्तार, 4 गायों को कराया मुक्त



**फरीदाबाद**। सड़क पर घूमने वाली गायों को भरकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो गोतस्करों को काबू कर उनके कब्जे से चार गायों को बरामद किया है। थाना सेक्टर 31 की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक टाटा ऐश गाड़ी में 4 गाय भर रखी हैं। जब पुलिस टीम ने पशु से संबंधित कागजात दिखाने को कहा तो कोई कागजात पेश नही कर सके। क्षमता से अधिक गायें भर रखी थी। जिस पर थाना सेक्टर 31 में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया गायों को मुक्त कराकर गोशाला भेजा गया।

## फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने निकाली मशाल यात्रा

# मांगें नहीं मानने तक जारी रहेगा आंदोलनः सतीश चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को लेकर फरीदाबाद रैफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा 133वें दिन मशाल यात्रा निकाली गई। यह मशाल यात्रा बीके चौक धरना स्थल से शुरू होकर एक-दो के चौक तक निकाली गई। मशाल यात्रा का नेतृत्व फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने किया। इससे पूर्व धरना स्थल पर गुरबाणी का पाठ किया गया। तत्पश्चात सभी लोगों को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मशाल यात्रा के मार्ग में आने-जाने वाले कार सवार, बाइक सवार व पैदल चल रहे लोगों को पम्फलेट भी वितरित किए।



### शांति पूर्ण आंदोलन जारी

मशाल यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए संयोजक सतीश चोपड़ा ने कहा कि 132 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक छांयसा मेडिकल कालेज में आईपीड़ी सेवाओं को शुरू नहीं किया गया है। फरीदाबाद के सिविल अस्पताल में ए ग्रेड का ट्रोमा सैन्टर तथा अन्य मांगें पूरी नहीं की गई है। धरने के चलते प्रदेश सरकार ने सिविल अस्पताल में कुछ डाक्टरों की संख्या में ईजाफा जरूर किया है। साथ ही अभी अस्पताल को दलालों के चंगुल से मुक्त करवाने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया जाएगा। चोपड़ा ने कहा कि पूर्व रणजी खिलाड़ी संजय भाटिया व उनकी टीम लगातार धरने का संचालक करती है और टीम के दिशा-निर्देशों पर ही शांति पूर्ण तरीके से आंदोलन चल रहा है।

### यह लोग उपस्थित थे

इस मशाल यात्रा में अन्य के अलावा सरदार उपकार सिंह, अनिल नेताजी, अशोक रावल, संजय सोलंकी, दीपक झा गुलशन बग्गा, परविंदर राजपाल, एडवोकेट एन पी सिंह, राजेश भाटिया, वीरेन्द्र, प्रमोद भड़ाना, आशीष, विकास कुशवाहा, मॉडल एक्टर प्रथमजीत सिंह, सुष्मिता भूमिक, सरदार जसविंदर सिंह, सरदार सुरेंद्र सिंह, सागर, ताराचंद गौतम, जयसिंह, गौरव चौधरी के अलावा सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## राजनीतिक दलों ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

# डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई, जगह-जगह हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे लगाए गए, वहीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा आज भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।

उन्होंने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के मूल्यों को भी सशक्त आधार प्रदान किया।

» आंबेडकर की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

» बाबा साहब करोड़ों शोषितों वंचितों और पीड़ितों की आवाज थे

### पुष्पांजलि अर्पित की

डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की प्रेरणा है। उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। भाजपा उनकी सोच को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि करोड़ों शोषितों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज़ भी थे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।



### गोष्ठी आयोजित की गई

महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई। साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, विजेंद्र यादव, सुशांत गोयल,शिक्षाविद्ध जेके गौड़, अख्तर चौधरी,सईद चौधरी समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### यह लोग उपस्थित रहे

राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय चौधरी चरण सिंह पार्क, मेरठ तिराहा, मेरठ रोड गाजियाबाद पर भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया ।

## भारत रत्न बाबा साहब आंबेडकर का 134 वां जन्मदिवस हर्षोल्सास से मनाया

**फरीदाबाद**। औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का 134वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कई स्थानों पर शोभा यात्राएं निकाली गई व भंडारों वितरित किए गए। इसं कड़ी में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने आंबेडकर चौक एनआईटी पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित किए। साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने जाति भेद लिंग भेद बराबरी का अधिकार देने वाले एवं समस्त भारतीय नागरिकों को समान शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने वाले भारतीय संविधान के निर्माता भीमराव आंबेडकर थे।



### बाबा साहब समाज के मसीहा थे

बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों, मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों, महिलाओं व शोषित पीड़ित वंचित समाज के मसीह थे, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को आज देश और दुनिया उनके त्याग समर्पण और दबे कुचले पीड़ितों की आवाज के रूप में याद कर रही हैं। नपा कर्मचारी संघ, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि शहर में चारों ओर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 134वें जन्मदिन की बधाई दी।

## गाजियाबाद नगर निगम की उपलब्धि

# 35 प्रतिशत वेस्ट वाटर का यूज कर रहा ननि, सरकार से मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम जहां ट्रिपल आर (रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल) पर बेहतर कार्य कर रहा है। वही वाटर वेस्ट मैनेजमेंट में भी प्रशंसा ने कार्य कर रहा है जिसके लिए अवसान और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की प्रशंसा की गई है ।

सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत 40 एमएलडी के टीएसटीपी प्रोजेक्ट को सराहा गया, तथा वाटर यूज़ प्रणाली की प्रशंसा की गई, गाजियाबाद शहर वासियों ने नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नगर आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, टीएसटीपी 40 एमएलडी प्लांट संचालन के कार्यों को ट्वीट भी किया गया है, जिस पर लगभग हजारों शहर वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को सरहाया है। इसके अलावा वाटर प्लस प्लस की गाइडलाइन के अनुसार वेस्ट वाटर का लगभग 35 प्रतिशत गाजियाबाद नगर निगम जन हित मे री यूज़ कर रहा है जिसमे जलकल विभाग अधिकारियों द्वारा विशेष कार्यवाही की जाती है।

शोधित जल का उपयोग साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के लिए किया जाए। पूरी योजना गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बनाई जा चुकी है। जिसको अमल में शीघ्र ही लाना प्रारंभ किया जाएगा।

## बच्चों ने खेल-खेल में की पढ़ाई की शुरुआत

# चावला कॉलोनी के प्राइमरी स्कूल में स्कूल रेडीनेस मेला आयोजित

**फरीदाबाद**। बल्लभगढ़ स्थित चावला कॉलोनी के प्राइमरी स्कूल में संचालित आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में स्कूल रेडीनेस मेला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। स्कूल की संचालिका हेमलता ने बताया कि आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा देना है ताकि वे प्राइवेट स्कूलों पर निर्भर न रहें। उन्होंने कहा कि एसआरएम मेला नए सत्र का आगाज़ होता है जिसमें बच्चों को पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की हाइट और वजन की जांच से हुई, जिसके बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात बच्चों को क्लासरूम में बिठाकर खेल-खेल में शिक्षा दी गई।

## आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

# किसी और से अफेयर के शक में की लिव इन पार्टनर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम**। गुरुग्राम के नाहरपुर गांव में गेहूं के खेत से कंबल में लिपटे महिला के शव के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला के साथ ही रिलेशनशिप में रहता था। किसी अन्य व्यक्ति से महिला के अफेयर होने के शक में आरोपी ने उसकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

दरअसल, बीती 11 मार्च को नाहरपुर गांव में गेहूं के खेत से कंबल में लिपटा हुआ एक महिला का शव मिला था। कई दिन तक महिला की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में रखवाया था।

### रीता की शादी 11 साल पहले हुई थी

31 मार्च को महिला की पहचान रीता निवासी बिहार के रूप में हुई थी। महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि वे रीता की शादी 11 साल पहले हुई थी। करीब 5 साल पहले बेटी तथा दामाद गुरुग्राम के गांव नाहरपुर में आकर किराए पर रहने लगे तथा यहीं पर काम करने लगे। इनके बीच मनमुटाव होने पर दामाद उसकी बेटी को छोड़कर चला गया। इसके बाद उसकी बेटी शिवशंकर उर्फ कालीचरण नामक व्यक्ति के साथ रिलेशनशिप में रहने लगी। रीता से उनकी आखरी बार 23 फरवरी को बात हुई थी। उसके बाद बेटी से कोई बात नहीं हुई। जिसके बाद वह अपनी बेटी से मिलने नाहरपुर आ गए। जहां पर पता चला कि कुछ दिन पहले यहां खेतों में एक महिला का शव मिला था। जब उसने शव की फोटो देखी जो मृतका उसकी बेटी रीता की थी। उन्हें शक है कि शिव शंकर उर्फ कालीचरण ने इसकी बेटी की हत्या की है। मामले में मानेसर थाना पुलिस व मानेसर क्राइम ब्रांच ने संयुक्त जांच करते हुए आरोपी शिवशंकर शर्मा उर्फ काली चरण को गांव नाहरपुर से काबू कर लिया। आरोपी यूपी के बलिया का रहने वाला है और घटना के बाद से ही वह छिपकर रह रहा था। आरोपी से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शिव शंकर और रीता लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे।

## शाहजहांपुर के तीन अपराधी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार, एक फरार, दो तमंचे और कारतूस भी बरामद किए

**गाजियाबाद**। थाना भोजपुर पुलिस व स्वाट टीम ने रविवार की रात में मुठभेड़ के दौरान टीम शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक अपराधी घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। तीनों अपराधी थाना भोजपुर से लूट के मुकदमों में फरार चल रहे थे। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि थाना भोजपुर पुलिस ने रात में फरीदनगर के कीकड़ के जंगल में चार अपराधियों की घेराबंदी की। घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह नीचे गिर गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान दो अन्य बदमाश भी पुलिस ने कांबिंग करके गिरफ्तार कर लिए जबकि इनका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पूछताछ पर घायल बदमाश ने अपना नाम इतवारी बताया जो शाहजहांपुर जिले के ईसापुर गांव का रहने वाला है। इसके अलावा बाकी दो बदमाशों में ईसापुर के निवासी भारत व पदम उर्फ विष्णु है। इनके कब्जे से दो तमंचे व कारतूस बरामद किए गए हैं इनहोंने मोदीनगर थाना क्षेत्र में दो लूट की वारदात करने का इकबाल किया है ।

## वेतन आयोग की कमेटी ने किया स्पष्ट

# 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा आठवें वेतन आयोग का लाभ

**गुरूग्राम**। केंद्र सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग द्वारा हाल ही में एक प्रेस रिलीज में यह स्पष्ट किया गया है के आठवें वेतन आयोग का लाभ उन कर्मचारियों या पेंशनर्स को मिलेगा जो जनवरी 2026 को सेवा में होंगे या रिटायर होंगे। इससे सरकार की यह मंशा बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि वह 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का कोई लाभ नहीं देना चाहती।

### कर्मचारियों को सिफारिशों से वंचित कियाः मुख्य प्रवक्ता शर्मा



उक्त आरोप लगाते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एक तरफ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त सचिव कर्मचारी संगठनों को यह आश्वासन दे कर गुमराह कर रहे हैं कि सरकार द्वारा ऐसा कोई बिल पास नहीं किया गया। 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आगामी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित किया गया हो। वहीं, दूसरी तरफ आठवे वेतन आयोग की गठित कमेटी यह बयान देती है कि आने वाले आठवें वेतन आयोग के तहत 2026से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

## अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद**। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की नशा तस्करों पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त अपराध, मकसूद अहमद द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में आरोपी देवेंद्र वकील को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। 13 अप्रैल को क्राईम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए देवेन्द्र निवासी गांव सागरपुर बल्लभगढ़ को 6.53 ग्राम स्मैक सहित नजदीक चंदावली पुल बल्लभगढ़ से काबू किया है। वहीं क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने वकील निवासी आदर्श कॉलोनी को 366 ग्राम गांजा सहित नजदीक सब्जी मंडी खेडीपुल एरिया से काबू किया है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पूनम, पत्नीः धर्मेंद्र, पताः म. नं. 402/10, लखपत कॉलोनी पार्ट–1, मीठापुर, जैतपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 707/2015, Dated 20.09.2015, U/s 363/366A/34 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पूनम** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पूनम** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 707/2015, Dated 20.09.2015, U/s 363/366A/34 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **पूनम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं. 09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3357/SE/2025


## आरोपी को पूछताछ के लिए 4 दिन रिमांड पर लिया

## साइबर सेंट्रल में महिला की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

# कंपनी कर्मचारी के साथ 30 लाख का फ्रॉड करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 6 आरोपी पकड़े जा चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कंपनी का मालिक बन फोन कर 30 लाख रुपए की ठगी करने के एक मामले में आकाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-3 निवासी एक महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में फाईनेंस मैनेजर के तौर पर काम करती है। एक दिन उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया जिसके नंबर की डीपी पर कंपनी का लोगो भी लगा हुआ था, जिसने अपने आप को कंपनी का मालिक बताते हुए शिकायतकर्ता को कहा कि वह अभी मीटिंग में है और किसी नए प्रोजेक्ट के लिए पेमेंट करनी है, बैंक की जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता को पेमेंट करने को कहा।

### आरोपी ठगों के लिए खाता उपलब्ध कराता था



जिस पर उसने 30 लाख की पेमेंट दिए गए खाता में कर दी। फिर कुछ देर बाद कथित मालिक का पैसे के लिए मैसेज आया, जिस पर उसने मालिक के बेटे को इसके बारे में बताया तो उसने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं होने की बात कही जिसके बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ फ्राड हुआ है। जिसकी शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश वासी गांव मांगवास, बेरी जिला झज्जर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला के आरोपी ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था और इसने आरोपी विकेश से खाता लेकर आगे ठगों को दे दिया था। आरोपी को पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में 6 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुके हैं।

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

# टास्क बेस्ड व इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी पहुंचा जेल

**गुरुग्राम**। साइबर क्राइम मानेसर थाना पुलिस ने लग्जरी अपार्टमेंट से टास्क बेस्ड व इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर ठगी करने के लिए रोजाना रेवाड़ी से गुरुग्राम आता था। पुलिस ने आरोपी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

साइबर क्राइम मानेसर के एएसआई संजीव कुमार की टीम ने सूचना के आधार पर सफायर मॉल के पास वाटिका इंडिया नेक्स्ट सोसाइटी के फ्लैट नंबर 3 में रेड कर एक युवक को काबू कर लिया। हालांकि पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी की पहचान कोसली रेवाड़ी के रहने वाले हर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दर्जनों एटीएम कार्ड, चैकबुक, मोबाइल, लैपटॉप, दो सोने के बिस्कुट व एक चेन सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। प्रारंभिक तौर पर जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम पर चेट के माध्यम से लोगों को ठग रहा था। वह लोगों को टास्क देकर उनसे ठगी करता है। पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी से बरामद मोबाइल सिम की जांच की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों को ठगा है और उनसे कितनी राशि वसूल की है। यह भी पता लगाया जा रहा है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरीश कुमार उर्फ सोनू पुत्र स्व. श्री चरणजीत लाल निवासी मकान नं. 30, राधे पुरी, दिल्ली–51** ने **case FIR No. 413/2007 U/s 324/34 IPC, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **हरीश कुमार उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरीश कुमार उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No. 413/2007 U/s 324/34 IPC, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरीश कुमार उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पी भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पूर्वी जिला, कमरा नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4603/SHD/2025(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### दिल्ली की हवा हुई जहरीली, एक्यूआई बढ़कर पहुंचा 200-300 के बीच

**नई दिल्ली।** दिल्लीवालों की सांसों पर एक बार फिर जहरीली हवा का अटैक बढ़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह 6:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 166 अंक दर्ज हुआ था। बाद में दिन चढ़ने के साथ ही इसमें बढ़ोतरी देखने को मिली। औसत दिल्ली का एक्यूआई मध्यम श्रेणी में तो रहा लेकिन आंकड़ा बढ़ रहा है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के 8 क्षेत्रों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर और 300 के बीच में बना रहा, जो खराब स्तर में गिना जाता है। इनमें सबसे ज्यादा मुंडका में 229, शादीपुर में 219, जहांगीरपुरी में 216, रोहिणी में 212, वजीरपुर में 211, आनंद विहार में 210 बवाना में 208, और ओखला फेस टू में 207 अंक दर्ज हुआ। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रो में जहरीली हवा का लेवल 100 से 200 के बीच रहा।

### दिल्ली को गर्मी की मार पड़ेगी सहनी, बाद में आंधी बारिश दे सकती है राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों को एकबार फिर सूरज के कड़े तेवरों के चलते गर्मी और लू की मार झेलनी पड़ेगी। हालांकि अगले सप्ताह बारिश व तेज हवाओं के नए दौर से राहत भी मिलेगी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री ज्यादा रहा। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य श्रेणी में 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि अब बुधवार व गुरुवार को दिल्ली वाले हीटवेव यानी लू की चपेट में आ सकते है। अधिकतम तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40 डिग्री या इससे अधिक तक दर्ज हो सकता है। इसको लेकर बकायदा आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी की मानें तो शनिवार व इसके बाद दिल्ली में मौसम का मूड बदलेगा और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश राजधानी वालों को भीषण लू और गर्मी से राहत प्रदान करेगी।

### 'आर्य समाज के योगदान से समाज में आए हैं महत्वपूर्ण बदलाव'

नई दिल्ली। आर्य समाज के योगदान से समाज में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। बुराड़ी क्षेत्र स्थित गांव कादीपुर में बैसाखी के शुभ अवसर पर और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आर्य समाज पर परिचर्चा के आयोजन पर दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ योगानंद शास्त्री ने बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। डॉ. योगानंद शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद का आर्य समाज स्थापित करने का उद्देश्य वेदों की प्रामाणिकता, शिक्षा के माध्यम से सिद्धांतों के प्रति जागरूकता, सामाजिक एकता, समरसता संस्कृति, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, बाल विवाह को रोकना, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देना आदि रहा है। इसके अलावा आर्य समाज में चौ. भीम सिंह के योगदान भी चर्चा हुई।

## राजधानी में धूम-धाम से मनाई गई डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती

# दिल्ली सरकार शुरू करेगी बाबा साहब अंबेडकर एजुकेशनल टूर प्रोग्राम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि दिल्ली में बाबा साहब अंबेडकर एजुकेशनल टूर प्रोग्राम की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत छात्रों को अलीपुर रोड स्थित बाबा साहब की महापरिनिर्वाण स्थल और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का प्रेरणादायक भ्रमण कराया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि बाबा साहब के विचारों को छात्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अगले 15 दिनों तक दिल्ली के सभी स्कूलों में विशेष असेंबली और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा बंद की गई कौशल आधारित शिक्षा और स्टार्टअप फंडिंग जैसी योजनाओं को पुनः सक्रिय किया जाएगा, ताकि समाज के वंचित, पिछड़े और दलित वर्ग को समान अवसर मिल सकें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रविंद्र इन्द्राज सिंह, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रेरणा स्थल, हैदरपुर, दिल्ली विधानसभा परिसर और अलीपुर रोड स्थित महापरिनिर्वाण स्थल में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं दिल्ली सरकार द्वारा शाह ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने शिरकत की। यहां दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों के लिए सम्मान, स्किल डेवलपमेंट योजना से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। साथ ही समारोह में आए दिव्यांग बच्चों को सुगम्य सहायक योजना के तहत दिल्ली सरकार के द्वारा सहायक उपकरण व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, पठन सामग्री आदि वितरित किए गए। इन उपकरणों का उद्देश्य उनकी स्वतंत्रता को बढ़ाना और दैनिक जीवन में आसानी लाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अंबेडकर जयंती केवल एक श्रद्धांजलि का अवसर नहीं है, बल्कि यह आत्मनिरीक्षण का दिन भी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जब पूरा देश बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, उसी क्रम में आज दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित यह विशेष आयोजन अपने आप में कई महत्वपूर्ण पहलुओं को समेटे हुए है। कार्यक्रम में हमने देखा कि दिव्यांग बच्चों ने कैसे अपनी अद्भुत कलाकृतियों के माध्यम से अपने भावों को कागज पर उतारा, भले ही वे शब्दों से अभिव्यक्ति न कर पाए हों, लेकिन उनकी कला ने सबका दिल छू लिया। साथ ही, दिल्ली सरकार के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं को भी आज यहां सम्मानित किया गया, जिन्होंने कठिनाइयों को पार कर अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। यह कार्यक्रम बाबा साहब के विचारों को जीवंत रूप देने की एक सशक्त झलक है। सीएम ने कहा कि अगर हम पीछे मुड़कर भारत के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि एक समय ऐसा भी था जब समाज कुरीतियों और असमानताओं के गहरे अंधकार में डूबा हुआ था। इसी कठिन समय में कई महान समाज सुधारकों ने आगे आकर इन कुरीतियों को चुनौती दी। उन्हीं में से एक सबसे प्रखर और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे बाबा साहब अंबेडकर, जिन्होंने सिर्फ विचारों से नहीं, अपने जीवन और कर्मों से असमानताओं को मिटाने का मार्ग दिखाया। बाबा साहब का जीवन और दर्शन केवल अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि आत्मसात करने योग्य आदर्श हैं। उन्होंने समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को न केवल अधिकार दिलाए, बल्कि उन्हें एक सम्मानजनक जीवन जीने की राह भी दिखाई।

### बाबा साहब अम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक : नड्डा




**नई दिल्ली।** सामाजिक समरसता, एकता और मानवाधिकारों के लिए समर्पित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अलीपुर रोड स्थित बाबा साहब अम्बेडकर स्मारक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान यह बाते कही। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान एवं समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार एवं वी एल वर्मा और सांसद योगेन्द्र चंदोलिया सहित अनेक भाजपा नेताओं ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली भाजपा ने सोमवार को दिल्ली के सभी 256 मंडलों में डॉ अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। युवा मोर्चा बाहरी दिल्ली के भाजपा नेता मोहित कुमार ने गांव रानी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम ने शालीमार बाग के चार पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने हैदरपुर की अंबेडकर कॉलोनी में स्थित चार सार्वजनिक पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया वहीं हैदरपुर गांव के बस स्टैंड से लेकर नहर तक की मुख्य सड़क व नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में मजबूत और आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं और एक सुरक्षित एवं सुलभ वातावरण मिले। सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि दिल्लीवासियों को विश्वस्तरीय सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों, परिवहन सुविधाओं और स्वच्छ पर्यावरण की सौगात मिले। हम ऐसी दिल्ली का निर्माण करना चाहते हैं जो न केवल आज की जरूरतों को पूरा करे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और टिकाऊ आधार तैयार करे। हमारा संकल्प है कि दिल्ली एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी राजधानी के रूप में देश के लिए उदाहरण बने। आज इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए शालीमार बाग विधानसभा में नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया।

### कांग्रेसियों ने बाबा साहेब अंबेडकर को अर्पित की पुष्पांजलि

नई दिल्ली। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर दिल्ली के कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में सादे समारोह में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बाबा साहेब की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर दलितों के मसीहा है। समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सामाजिक न्याय और समानता प्रदान करने के लिए डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को कायम रखने के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जयकिशन नांगलोई रेलवे स्टेशन के पास दलित बस्ती में एक समारोह में मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि महात्मा गांधी और बाबा साहेब की अगुवाई में संविधान की रचना की गई थी और लोकतंत्र में बराबरी का अधिकार बाबा साहेब की ही देन है। दलित वर्ग के लोगों को जो अधिकार मिले है वो बाबा साहेब की देन है, उनके योगदान और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रतिपक्ष के नेताओं से अपील की कि धर्म, जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर देश को मजबूत करने का कार्य करें। जहांगीरपुरी में आयोजित समारोह में कांग्रेसी नेताओं ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि अभी भी समय है बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का।

### बीआर अंबेडकर पार्क को सेंट्रल पार्क जैसा सुंदर बनाएंगे : सूद

नई दिल्ली। जनकपुरी विधानसभा के डाबरी गोल चक्कर पर स्थित बीआर अंबेडकर पार्क को कनॉट प्लेस जैसे पार्क की तरह विकसित किया जाएगा। इसकी घोषणा दिल्ली के शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक आशीष सूद ने सोमवार को पार्क की दुर्दशा देखकर की। गौरतलब है कि दिल्ली के शिक्षा आशीष सूद ने सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अपनी विधानसभा जनकपुरी के डाबरी गोल चक्कर पर स्थित बीआर अंबेडकर पार्क में पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आशीष सूद ने कहा कि बौद्ध समाज संघ द्वारा यहां हर साल बाबा साहब की जयंती मनाई जाती है। और उन्हीं के कारण इस पर्का नाम बीआर अंबेडकर पार्क पड़ा है। लेकिन हमें आज इस पार्क की दुर्दशा देखकर रोना आता है। जो लोग डॉ. अंबेडकर का नाम लेकर, उनकी तस्वीर को अपने पीछे लगाकर, जो बाबा साहब के अनुयायियों को ठग रहे थे उन्होंने इस पार्क को सुंदर बनाने के लिए कोई काम नहीं किया।

### बाबा अंबेडकर संविधान के शिल्पकार ही नहीं लोकतंत्र के आधार स्तंभ थे : सक्सेना

नई दिल्ली। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, न्याय और लोकतंत्र के आधार स्तंभ भी थे। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के विचार और कार्य आज भी एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को चाहिए कि डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को पढ़े समझे और सामाजिक समरसता में अपनी अहम भूमिका निभाए।

### 'आप' ने डॉ. अम्बेडकर के सपनों से की सर्वाधिक खिलवाड़ : सचदेवा

**नई दिल्ली।** गत 78 वर्ष में यदि दिल्ली में किसी एक सरकार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों से सर्वाधिक खिलवाड़ करने का हम दोषी पाते हैं तो वह है अरविंद केजरीवाल सरकार। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि अपने दस साल के शासन में अरविंद केजरीवाल ने दलित शोषित समाजों को बाबा साहब की तस्वीर दिखा कर उनका राजनीतिक शोषण किया पर बाबा साहब के संदेशों की अवहेलना कर उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। सचदेवा ने कहा है कि आज बाबा साहब की जयंती पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सामने आयें और दिल्ली के दलित, अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को जवाब दें कि आखिर क्यों उनके शैक्षणिक उत्थान के लिए आबंटित रूपए 891 करोड़ में से 5 प्रतिशत से भी कम रूपए 40.80 करोड़ ही खर्च किये गये।

## देश की दोनों बड़ी पार्टियां बाबा साहब की इज्जत करने का करती हैं दिखावा : केजरीवाल



- आप नेताओं ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। बाबा साहब आम आदमी पार्टी के आदर्श है। हम उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हर व्यक्ति तक शिक्षा, सम्मान और सुविधाएं पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन देश की दोनों बड़ी पार्टियों को बाबा साहब से कोई प्यार नहीं है। ये सिर्फ वोट बैंक के खातिर मजबूरी में बाबा साहब की इज्जत करने का दिखावा करते हैं। यह बातें सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय पर अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आप नेताओं ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज, नेता विपक्ष आतिशी, गोवा के प्रभारी पंकज गुप्ता, पंजाब के सह प्रभारी सत्येंद्र जैन समेत अन्य लोग शामिल हुए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में सरकार बदले अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए और इन दो महीनों में ही इन्होंने दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया। कई प्राइवेट स्कूलों ने दोगुनी तक फीस बढ़ा दी है। बच्चों के मां-बाप इतनी फीस कहां से लाएंगे। दिल्ली में 'आप'सरकार के हर अच्छे काम को ये लोग बंद करते जा रहे हैं। इन्होंने अपने किसी भी राज्य में शिक्षा पर काम नहीं किया। इन्होंने एक भी राज्य में एक भी सरकारी स्कूल को ठीक नहीं किया है। पूरे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक और गुजरात से असम तक एकमात्र पंजाब राज्य है, जहां पर सरकारी वकीलों के पैनल में भी आरक्षण दिया गया है। बाकी किसी भी राज्य के अंदर सरकारी वकीलों के पैनल में आरक्षण नहीं है। केंद्र सरकार भी आरक्षण नहीं देती है। पिछले सप्ताह वकीलों के पैनल में एससी समाज के लिए योग्यता की शर्तों में रियायतें दी गई हैं। अगर ये लोग भी बाबा साहब को प्यार करते हैं तो अपने-अपने राज्यों और केंद्र में सरकारी वकीलों के पैनल में एससी समाज के वकीलों को आरक्षण दें।

### डीयू : भूगोल विभाग का वार्षिक महोत्सव आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज के भूगोल विभाग ने भू-चेतना 2025 वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। आयोजन में मैप पॉइंटर, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, फोटोग्राफी और वाद-विवाद प्रतियोगिता में कॉलेज के बड़ी संख्या में छात्रों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सदा नन्द प्रसाद ने मुख्य अतिथि गायत्री राघवा और हरीश अंचन की उपस्थिति में किया। पर्यावरणविद और एजुकेटर कंसलटेंट गायत्री राघवा ने ग्रीन जॉब्स के महत्व से अवगत कराया। लाइफ कोच, लिव लाइफ विदाउट मेडिसिन के समर्थक हरीश अंचन ने फिजिकल और मेंटल हेल्थ सही रखने के गुण सिखाए। विभागाध्यक्ष डॉ तूलिका सनाढ्य के मार्गदर्शन में इस बार भू-चेतना का मुख्य विषय स्वास्थ्य रहा। डॉ तूलिका ने सम्यक खान-पान पर जोर देते हुए दवा मुक्त जीवन की कल्पना रखी जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता सुनिश्चित हो। अंत में प्रो रियाज खान ने सभी प्रतिभागियों, प्राचार्य, मेहमानों और छात्रों को धन्यवाद दिया।

### ई-विधान कार्यान्वयन के अध्ययन हेतु दिल्ली विधानसभा का प्रतिनिधिमंडल जाएगा ओडिशा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय अध्ययन दौरे पर ओडिशा जाएंगे। यह दौरा ओडिशा विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग (नेवा) के सफल कार्यान्वयन से सीखने और उसका मूल्यांकन करने हेतु आयोजित किया गया है। ओडिशा विधानसभा हाल ही में पूरी तरह से कागज रहित प्रणाली में परिवर्तित हुई है। इस अध्ययन दौरे में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं नेवा परियोजना से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरे का उद्देश्य ओडिशा द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ तकनीकी प्रणाली, कार्यप्रणाली और नवाचारों का अध्ययन करना है, जिससे दिल्ली विधानसभा में भी नेवा का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### डॉ. अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के थे प्रबल पक्षधर : गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डॉ.बाबा साहब भीम राव अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे। यह बात सोमवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज और अन्य विधायक उपस्थित रहे।

विजेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान को विश्वभर में एक अद्वितीय स्थान प्राप्त है। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां कोई भेदभाव न हो और सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। उनका यह दृष्टिकोण आज भी आधुनिक भारत की नींव है।

## सेक्टर बी चार की पॉकेट एक और तीन का बुरा हाल

# डीडीए और निगम की आपसी खींचतान में पुलिस कॉलोनी हुई बदहाल

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में सरकारी विभागों में आपसी तालमेल नहीं होने का खामियाजा निवासियों को भुगतना पड़ रहा और ऐसा ही एक मामला दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पुलिस कॉलोनी से सामने आया है। यहां सेक्टर बी चार की पॉकेट एक और तीन के कॉलोनीवासियों का कहना है कि डीडीए प्रशासन को बदहाल और जर्जर हो चुकी सड़कों को लेकर कई बार मौखिक जानकारी दी और पत्र भी लिखें लेकिन डीडीए प्रशासन ने यहां सड़कों व नालियों के लिए कोई सुधार नहीं किया है। इस मामले में लोगों ने बताया कि डीडीए का कहना है कि हमने यहां की कई पॉकेटों को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को सौंप दिया है लेकिन एमसीडी प्रशासन का कहना है कि हमारे पास सड़कों को सुधारने के लिए पैसा नहीं है। वहीं, इस मामले में दिल्ली पुलिस प्रशासन ने एमसीडी आयुक्त को पत्र लिखकर निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि आप हस्तक्षेप करें तथा संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें।

#### निवासियों के लिए लगातार खतरे का कारण बन गई हैं सड़कें

पुलिस प्रशासन ने पत्र में लिखा है कि यहां क्षेत्र की सड़कें 10 वर्षों से भी अधिक समय से दयनीय स्थिति में हैं, तथा स्थिति और भी खराब हो गई है, तथा सतह पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। खराब होती सड़कें निवासियों के लिए लगातार खतरे का कारण बन गई हैं। जब वाहन इन गड्ढों से गुजरते हैं, तो पत्थर और मलबा आस-पास के घरों पर गिरता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों को चोट लगने का गंभीर खतरा होता है।

#### स्थानीय लोगों को जान-माल का खतरा

नई दिल्ली। पत्र में पुलिस ने बताया कि पहले भी बदहाल सड़कों के चलते यहां कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां मलबे के कारण निवासियों को चोट लग चुकी है, जिससे असुरक्षित वातावरण बन गया है, जिससे जान-माल दोनों को खतरा है। यह भी बताया गया है कि जल निकासी व्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही है, जिसके कारण जलभराव हो रहा है, जो एक बड़ी समस्या बन गई है।



यह कितनी बड़ी विडंबना है, हर क्षेत्र में अपनी मेधा शक्ति का लोहा मनवाती महिलाओं को इस आधुनिक युग में भी अपनी त्वचा के रंग को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। उनके सम्मान पर आघात पहुंचाया जाता है। केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन के रंग पर की गई टिप्पणी, इस बात का ताजा उदाहरण है। सवाल यह है, रंगभेद का दंश स्त्रियां कब तक सहती रहेंगी, समाज इस संकीर्ण सोच से कैसे उबरेगा?



शारदा मुरलीधरन पर टिप्पणी

# आज भी रंगभेद का दंश सह रही हैं स्त्रियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

इसे दुराग्रह कहें या दिशाहीन पुरातनपंथी सोच, गोरे-काले रंग को लेकर आज भी दुर्भावना भरी टिप्पणियां सुनने को मिल जाती हैं। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में बहू-बेटियों का सांवलेपन को खूबसूरती की कमी और गोरे रंग को सुंदरता से जोड़कर देखा जाना आम बात है। दुखद है कि पढ़ी-लिखी कामयाब महिलाएं भी स्किन कलर को लेकर कहे गए द्वेषपूर्ण-नकारात्मक शब्दों का सामना करती हैं। हाल ही में केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पोस्ट पर रंगभेद पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि एक अनजान व्यक्ति ने उनके दफ्तर में उनके रंग को लेकर टिप्पणी की। शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कामों की तुलना हमेशा मेरे पति से की जाती रही है। लेकिन अब एक टिप्पणी ऐसी भी सुनने को मिली, जिसमें मेरे काम-काज की तुलना के साथ ही मेरे रंग पर भी तंज किया गया।' गौरतलब है कि शारदा ने अपने पति के रिटायर होने के बाद यह पद संभाला है। शारदा ने लिखा, 'मैंने पचास साल से भी ज्यादा के अरसे से रंग गोरा न होने से सुंदरता में कमी देखने की सोच का सामना किया है। लोगों में फेयर स्किन टोन का क्रेज देखा है।' सोशल मीडिया पोस्ट में शारदा ने न केवल अपने रंग को लेकर समाज की सोच पर सवाल उठाए बल्कि अपने कालेपन पर गर्व होने की बात भी कही। चर्चा, चिंता और चिंतन का विषय बना, संकीर्ण सोच को सामने रखता यह मामला बहुत से पहलुओं पर सोचने को विवश करता है, सार्थक विमर्श की भी मांग करता है।

## भेदभाव से जुड़ा पहलू

ध्यान देने वाली बात यह है कि सांवले रंग की वजह से भेदभाव का सामना करने के हालात, जेंडर डिसक्रिमिनेशन से भी जुड़े हैं। घर हो या दफ्तर, त्वचा के रंग की वजह दुर्भाव भरे शब्द आमतौर पर महिलाओं को ही सुनने को मिलते हैं। सांवली शक्ल के प्रति परायों में ही नहीं, अपनों में भी पूर्वाग्रह देखने को मिलता है। शादी-सगाई के समय तो बहुत हद तक स्किन कलर को लेकर कायम सोच स्पष्ट दिखती है। तकलीफदेह बात यह है कि काम-काजी संसार में भी कभी सराहना तो कभी बेहतर अवसर के रूप में गोरे चेहरों की ओर झुकाव दिख जाता है। जबकि यह भेदभाव सीधे-सीधे किसी स्त्री की योग्यता और क्षमता पर प्रश्न उठाने जैसा है। शारदा मुरलीधरन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनकी परफॉर्मेंस की तुलना उनसे पहले उसी पोस्ट पर रहे व्यक्ति से की गई, जो उनके पति हैं और उनकी स्किन का कलर अलग है।



लैंगिक पूर्वाग्रहों के चलते ही एक ऑफिसर के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस पर बात कहने के बजाए, इस टिप्पणी में उनकी स्किन का रंग भी जुड़ गया। एक सफल-सशक्त स्त्री से जुड़ा यह मामला बताता है कि जेंडर डिसक्रिमिनेशन की जड़ें कितनी गहरी हैं।


## आत्मसम्मान को ठेस

रंगभेद पर की गई टिप्पणियां सिर्फ शब्द भर नहीं होते। ऐसी बातें स्त्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। गोरी त्वचा को लेकर कायम मोह और मनुहार का भाव, बहुत-सी बहू-बेटियों को बेवजह कमतरी के भाव की ओर धकेलता है। घरेलू मोर्चे पर गुणों की अनदेखी, तो पेशेवर फ्रंट पर काम-काज के मूल्यांकन पर भी चेहरे की रंगत से जुड़ी सोच हावी रहती है। वहीं सामाजिक-पारिवारिक माहौल में तो सांवलेपन को महिला ही नहीं, उसके पूरे परिवार की कमजोरी की तरह देखा जाता है। पक्के रंग वाली बहू को लेकर सहानुभूति जताई जाती है तो बेटी का रंग गोरा न होने पर अच्छा घरबार न मिलने की चिंता। लोगों को सहज-सी लगने वाली इन बातों और बर्ताव का महिलाओं के मन पर गहरा असर होता है। बड़ी होती बेटियां तो बहुत असहज महसूस करती हैं। त्वचा का रंग स्कूल-कॉलेज तक में उन्हें एक अलग खांचे में खड़ा करता है। इसी मनःस्थिति की बात शारदा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भी कही है कि 'जब मैं चार साल की थी तो मां से पूछा करती थी कि क्या वे मुझे अपनी कोख में दोबारा डाल सकती हैं और झक गोरा और सुंदर बनाकर निकाल सकती हैं?' असल में रंगभेद से जुड़ा बर्ताव इमोशनल-साइकोलॉजिकल फ्रंट पर भी हर आयुवर्ग की स्त्रियों को चोट पहुंचाता है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद समाज के हर तबके में ही स्त्रियों का अपमान करने और उनके मन में अपराधबोध का भाव भरने का यह बर्ताव सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है।

## उपहास का विषय क्यों

विडंबना ही है कि सदा से ही प्रकृति से मिले रंग-रूप को भी उपहास और अभद्र टिप्पणियां करने का विषय बनाया गया। समय के साथ बदलाव भी इस मोर्चे पर सब कुछ नहीं बदल पाए हैं। असल में इस फ्रंट पर मानसिकता बदले बिना बदलाव आना मुश्किल है। पक्के-सांवले रंग को लेकर दयनीय समझने के बजाए किसी महिला की काबिलियत और अच्छे बर्ताव को महत्व देने की सोच जरूरी है। संपूर्ण व्यक्तित्व को आंकने का भाव आवश्यक है। मेहनत से अर्जित की गई योग्यता के प्रति सम्मान के भाव को पोसना जरूरी है। आखिर कब तक स्किन कलर से जुड़ी सोच स्त्रियों की असहजता का कारण बनी रहेगी? पक्के रंग के कारण अपमान और उपहास वाले शब्द कब तक जीना दूभर करते रहेंगे? कुछ समय पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी के बाद से ही पति द्वारा रंग को लेकर तंज करने और फब्तियां कसने के चलते पत्नी ने सुसाइड कर ली थी। समझना जरूरी है कि ऐसी घटनाओं के पीछे पीड़ा और तानों-उलाहनों की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में समग्र समाज की मानसिकता में बदलाव आए बिना यह भेदभाव नहीं रुक सकता। सांवली बेटी को लेकर सहजता तभी आएगी, जब सांवली बहू को स्वीकार करने में असहजता नहीं रहेगी।

### बाजार ने भी दिया बढ़ावा



असल में रंगभेद की सोच सोशल सिस्टम में तो थी ही, इसे बाजार ने भी बढ़ावा दिया है। कितने ही प्रोडक्ट्स के विज्ञापन चेहरे को गोरा बनाकर सबको लुभाने, हर ओर छा जाने का भाव दिखाते रहे हैं। अफसोस कि खूबसूरत दिखने के लिए गोरे रंग को जरूरी बताने वाली मानसिकता की यह लड़ाई आज तक जारी है। चेहरे को निखारने से शुरू हुए उत्पादों का बाजार अब गोरा बनाने वाले प्रोडक्ट्स तक जा पहुंचा है। शादी-ब्याह से लेकर नौकरी पाने तक और आत्मविश्वासी दिखने से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक। गोरा बनाने वाले अनगिनत उत्पादों के विज्ञापनों में बताया-समझाया जा रहा है कि गोरा रंग लगभग हर समस्या का हल है। अब रील्स वीडियोज में गोरा बनने के गुर बताकर लाखों व्यूज बटोरे जा रहे हैं। रंग निखारने का वादा और दावा करने वाले वीडियोज से सोशल मीडिया अटा पड़ा है। ऐसे में जरूरी है कि स्त्रियों में अपने-अपने रंग-रूप के प्रति स्वीकार्यता का भाव हो। परिवेश के तानों-उलाहनों की आत्मविश्वास के साथ अनदेखी करने और बाजार का खेल समझने की सोच को बल मिले। साथ स्वजन ही नहीं, अपरिचित लोग भी अपना नजरिया बदलें। समग्र समाज की सोच में बदलाव आए बिना, भेदभाव पोषित करने वाली इस मानसिकता से नहीं निकला जा सकता है।

# शादी से पहले पार्टनर के साथ क्लीयर कर लें करियर से जुड़ी बातें



आज हर लड़की अपना करियर बनाना चाहती है। लेकिन शादी के बाद करियर में बहुत सी बाधाएं आती हैं, यहां तक कि कई बार करियर बनाने का इरादा छोड़ना पड़ता है। ऐसा न हो, इसलिए अपने भावी जीवनसाथी से शादी से पहले ही खुलकर बात कर लें।

एडवाइस

नम्रता नदीम

एमबीए कर चुकी नेहा की शादी एक संपन्न परिवार में हुई थी। शादी के बाद हंसी-खुशी कुछ माह बीत गए। नेहा का पति एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। नेहा को जब घर बैठे बोरियत होने लगी तो उसने जॉब्स के लिए इच्छा जताई और कई कंपनियों में अप्लाई कर दिया। ऐसा करना था कि पति नाराज रहने लगे। उन्हें यह पसंद नहीं था कि उनकी पत्नी जॉब करे। उनका कहना था, जब वह अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, वह और उनका परिवार इस कमाई से संतुष्ट है तो नेहा कमाने के लिए घर से बाहर क्यों निकले? घर में इस बात पर दोनों में तकरार होने लगी। एक दिन ऐसा भी आया, जब नेहा को भी एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में बहुत अच्छी सैलरी पर जॉब मिल गई। पति ने इस बात का कड़ा विरोध किया। अंततः नेहा ससुराल से मायके आकर रहने लगी। इस तरह पत्नी के सपने पति पर भारी पड़े, दोनों के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच गए। इसलिए जरूरी है, जब भी कोई लड़की वैवाहिक बंधन में बंधने वाली हो तो उसे पहले ही मंगेतर से अपने करियर को लेकर बातें क्लीयर कर लेनी चाहिए।

**रिश्ते में बंधने से पहले:** अगर आप किसी रिश्ते में जुड़ने जा रही हैं तो पहले ही भावी जीवनसाथी से यह जान लें कि आपको लेकर उसकी क्या अपेक्षाएं हैं? आपके करियर को लेकर उसकी क्या सोच है? अगर आपका पार्टनर अपने सपनों की उड़ान तो बहुत ऊंची भरना चाहता है, लेकिन आपके करियर को कोई महत्व नहीं देना चाहता और आप हैं कि जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहती हैं, आत्मनिर्भर रहना चाहती हैं तो यह जान लें, उसके साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर आपके सपने पूरे नहीं हो पाएंगे। कहने का आशय यह है, आप दोनों एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं को कितना महत्व देंगे, इस बात की पुष्टि शादी से पहले ही कर लें। अगर आप जॉब करने की इच्छुक हैं तो पहले से ही भावी जीवनसाथी ही नहीं, उसके परिवार के सदस्यों से भी खुलकर बात कर लें। यदि आपको लगता है कि आगे जॉब करने की इजाजत नहीं होगी तो ऐसे रिश्ते को एक्सेप्ट करना सही नहीं होगा।

### हो बैटर अंडरस्टैंडिंग



अगर पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी प्यार है, अच्छी अंडरस्टैंडिंग है तो दोनों ही एक-दूसरे के सपनों को महत्व देंगे। इन्हें पूरा होने में बाधक नहीं बनेंगे। एक-दूसरे की बेहतरी के लिए जो भी अच्छा हो सकता है, करेंगे। महत्वाकांक्षी पति-पत्नी को एक-दूसरे के सपनों की मंजिल पाने में मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।

**स्वार्थी न बनें:** यह सच है कि हर किसी को अपने सपने पूरे करने का हक है, लेकिन इन्हें ऊपर रखते हुए अपने साथी की जरूरतों को नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। अपना करियर जरूर संवारें, लेकिन ऐसा न हो कि आपके एंबीशन इतने ज्यादा हों कि आप और आपके पार्टनर के बीच कोई तालमेल न हो सके। अपने सपनों की उड़ान में आप उसके सपनों को पूरा करने में कितनी सहायक हो सकती हैं, इसके बारे में जरूर सोचें, क्योंकि करियर को लेकर दोनों के बीच तालमेल स्थापित होना जरूरी है।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# उलझे बालों की समस्या दूर कर देंगे ये हेयर मास्क

किसी फंक्शन या पार्टी में जाने के लिए, आप अपने बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स और टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे आपके बालों की लेयरिंग खराब हो जाती है। वो डल और बेजान दिखने लगते हैं। इस वजह से कई बारे बाल उलझ भी जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप हेयर मास्क का यूज कर सकती हैं, जो आपके बालों को मुलायम और सुलझा हुआ बना देंगे।

**नारियल दूध-शहद का मास्क:** बालों को उलझने से बचाने के लिए नारियल का दूध और शहद का मास्क बहुत यूजफुल है। इसे बालों पर लगा कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में सिर को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। नारियल का दूध बालों की डीप हाइड्रेशन करता है, जबकि शहद बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल मजबूत और मुलायम रहते हैं और आपस में उलझते नहीं हैं। इसे बनाने के लिए कांच के कटोरे में एक चम्मच नारियल तेल और एक चम्मच शहद का मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को गैस पर हल्की आंच पर तब तक गर्म करें, जब तक यह पूरी तरह पिघल न जाए। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। अब इस मिश्रण को गीले बालों पर लगा लीजिए। आप इसे ड्राई बालों पर भी लगा सकती हैं। ड्राई, फ्रीजी बालों पर अच्छी तरह लगाने के बाद बालों को कैप से ढंक लीजिए और 45 मिनट तक लगा रहने दीजिए। आप चाहें तो बालों का जूड़ा भी बना सकती हैं। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें।



**एवोकाडो-नारियल तेल मास्क:** एवोकाडो और नारियल तेल का हेयर मास्क भी बालों को उलझने से बचाता है। इसे बनाने के लिए एक पके एवोकाडो को ग्लास बॉउल में मैश कर लें। इसमें दो-तीन बूंदें नारियल तेल डालकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपनी अंगुलियों के माध्यम से बालों और स्कैल्प पर धीरे-धीरे लगाएं। बाद में बालों को धो डालें। एवोकाडो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है।



**एवोकाडो-ऑलिव ऑयल मास्क:** एवोकाडो और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक एवोकाडो को अच्छी तरह मैश कर लें। इसमें 1/4 कप ऑलिव ऑयल और एक चम्मच नीबू का रस मिला लें। इसे शुष्क बालों पर जड़ों से ऊपर की ओर लगाएं और आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। नीबू में एंटीफंगल गुणों की वजह से बालों में यह पैक डेंड्रफ को कंट्रोल करता है। एवोकाडो से आपके बालों को भरपूर पोषण मिलता है और बाल आपस में उलझते भी नहीं हैं।

डाइट सजेशन

अंजू जैन

आमतौर पर होम मेकर्स अपनी हेल्थ-डाइट का ध्यान नहीं रखती हैं। हेल्दी, रहने के लिए उन्हें भरपूर न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। कैसी होनी चाहिए आपकी डाइट इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# होम मेकर्स के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

अधिकतर महिलाएं हमेशा घर के दूसरे सदस्यों की जरूरतें पूरी करने में ही जुटी रहती हैं। अपने खान-पान पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं। उन्हें कोई अपना ध्यान रखने के लिए कह भी दे, तो उनका जवाब कुछ ऐसा होता है, 'अरे हमें कौन सी भाग-दौड़ करनी पड़ती है, दिन भर घर में ही तो रहना है। कुछ भी खा लेंगे, कभी भी खा लेंगे।' लेकिन ऐसी सोच हेल्थ के लिए सही नहीं होती है।

**नॉन स्टॉप काम:** आमतौर पर होम मेकर्स को पुरुषों से भी ज्यादा देर तक काम करना पड़ता है। पुरुष भले ही घर से बाहर 8-10 घंटे काम करते हों लेकिन होम मेकर्स को तो राउंड दी क्लॉक यानी 16 से 18 घंटे ऑन ड्यूटी रहना पड़ता है। वर्किंग पुरुषों को शनिवार, रविवार, त्योहारों पर अवकाश तो मिल जाता है, लेकिन होम मेकर्स को तो 365 दिन काम में लगे रहना पड़ता है। ऐसे में होम मेकर्स को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह न सिर्फ आपकी हेल्थ के लिए जरूरी है बल्कि घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि आप फिट रहेंगी, तभी तो उनकी बेहतर देखभाल कर पाएंगी। इस लिहाज से घर के पुरुष सदस्यों को भी होम मेकर्स की डाइट के प्रति विशेष रूप से कॉन्शस रहना चाहिए।



**कैसी हो डाइट:** होम मेकर्स की डाइट कैसी हो, इस बारे में बता रहे हैं।

- 10-12 गिलास पानी हर रोज पिएं। सॉफ्ट ड्रिंक या मीठे शरबत के बजाए सादा पानी ही सर्वोत्तम होता है। ताजा फलों का रस और छाछ आदि पी सकती हैं। खाने से तुरंत पहले या तुरंत बाद ज्यादा पानी न पिएं। इसमें 30-45 मिनट का अंतर रखें। खाना खाते ही पानी पीने से पाचक रस का असर खत्म हो जाता है। पाचन में दिक्कत आती है।
- सुबह सवेरे कई तरह के काम रहते हैं, इसलिए शांति से बैठकर नाश्ता करने की फुरसत नहीं मिलती। ऐसे में भूखे पेट रहना ठीक नहीं। आपको कुछ ड्राई फ्रूट्स (जैसे भीगे हुए बादाम) खा लेने चाहिए। सेब, केला, अमरूद या चीकू भी सुबह के नाश्ते के लिए अच्छे विकल्प हैं।



- अंकुरित अनाज या भीगी हुई दाल से कुछ पौष्टिक आहार बना सकती हैं।
- घर में कुछ तरह की चटनियां आपको हमेशा रखनी चाहिए। स्वाद और सुविधा के मुताबिक आप नारियल, इमली, धनिया, पुदीना, करौंदा, कच्चे आम आदि की चटनियां बना सकती हैं। ये भोजन में रुचि जगा कर स्वाद तो बढ़ाती ही हैं, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
- हर रोज सलाद जरूर खाएं। मौसम और उपलब्धता के अनुसार टमाटर, प्याज, खीरा, गाजर, चुकंदर, लेट्यूस आदि का सलाद बना सकती हैं। इनमें घुलनशील फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो आपके लिए सेहतमंद होते हैं। साथ ही इनसे पेट जल्दी भरता है, इसलिए आप ज्यादा खाने से बच जाती हैं।
- प्रतिदिन वर्कआउट जरूर करें। मॉर्निंग या ईवनिंग वॉक, स्विमिंग, डांस, योगा, एरोबिक्स, कुछ न कुछ जरूर अपनाएं।
- बेकरी आइटम्स, ऑयली फूड्स से बचें।
- रात को हमेशा समय पर सोएं। कम से कम सात घंटे की नींद जरूर लें। दोपहर में भी थोड़ा-सा समय निकालकर 30-45 मिनट की झपकी जरूर लें।
- चोकरयुक्त आटे की रोटी खाएं, इससे पर्याप्त फाइबर मिलेगा।


**(डाइटीशियन-न्यूट्रीशनिस्ट निधि शुक्ला पांडेय और डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, उनके सामने अपने बच्चों की परवरिश की समस्या रहती है। ऐसे में घर के बुजुर्ग बच्चों की परवरिश हंसी-खुशी कर रहे हैं। इन्हें ही नहीं, बच्चों को भी अपने दादा-दादी या नाना-नानी के साथ का सुख मिल रहा है।

# ग्रैंड पैरेंट्स के साए में बच्चे

परवरिश

नम्रता



बढ़ते एकल परिवारों की मजबूरी के चलते दादा-दादी, नाना-नानी कहीं पीछे ही छूट गए हैं। लेकिन अब पति-पत्नी दोनों के काम-काजी होने के कारण दिनभर उनकी अनुपस्थिति में बच्चों के अकेलेपन को दूर करने और बेहतर परवरिश के लिए काम-काजी पति-पत्नी फिर से उन्हें दादा-दादी, नाना-नानी के साए में पालना सही समझते हैं। सिंगल पैरेंटिंग, तलाक के बाद एक पार्टनर का अलग होकर शादी करना, दोनों का अलग होकर फिर से शादी करना, करियर में व्यस्तता और भी इसी तरह के तमाम कारणों से कई परिवारों में दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

**एंज्वॉय करते हुए बच्चों की परवरिश:** वंशिका पति से अलगाव के बाद अपने मायके में रहने के लिए आ गई। कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। वंशिका स्वयं वर्किंग है। उसके पिता उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारी रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद वह और उनकी पत्नी वंशिका की बेटी को पालने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। 58 वर्षीय उनकी मां कहती हैं, 'मैं अपनी धेवती को लेकर शाम को जब पार्क जाती हूं तो मेरी ही तरह की और कई ऐसी महिलाएं हैं, जो गांव-कस्बे से अपने घर को छोड़कर अपने पोते-पोतियों की परवरिश कर रही हैं। उनके साथ हमारी गपशप होती है, हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। सुबह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद हम लोग पार्क में आते हैं, तब तक बेटी और दामाद तैयार होकर दोपहर का खाना बनाकर ऑफिस चले जाते हैं। सुबह के समय ही हम घर से बाहर निकल पाते हैं। यहां हम लोगों से मिल-जुलकर खुश होते हैं। हमारी वॉक भी हो जाती है और हमें भी यह अहसास होता है, रिटायरमेंट के बाद हम खाली नहीं बैठे हैं। हमारा भी समय बच्ची के साथ हंसते-खेलते गुजर जाता है, बोरियत नहीं होती।'



**बच्चे सीख रहे हैं बहुत कुछ:** दादा-दादी, नाना-नानी की परवरिश में पलने वाले बच्चे अब उनके सान्निध्य में जिंदगी से जुड़े बहुत से खेल और काम सीखते हैं। उनको भी इनका साथ अच्छा लगता है। मुंबई में रह रही मिसेज अरोड़ा अपनी पोती को खाना बनाना सिखा रही हैं, सिलाई, बुनाई और कढ़ाई में पारंगत मिसेज अरोड़ा के ये पुराने शौक, जिन्हें उन्होंने अपने बच्चे पालने की व्यस्तता में बिसरा दिया था, अपनी पोती के बहाने उनके ये शौक फिर से नए रूप में सामने आ रहे हैं। मिसेज अरोड़ा कहती हैं, 'हमारे रिश्तेदार अकसर हमें इस बात का ताना देते हैं कि हमारी बहू अपने बच्चे की परवरिश के लिए हमें अपने शहर से दूर मुंबई ले गए हैं। लेकिन हम ऐसा नहीं मानते। हम पति-पत्नी को यह लगता है कि हम कोई उन पर एहसान नहीं कर रहे। न इसके लिए हम अपनी सेहत की कुर्बानी दे रहे हैं बल्कि बच्चों के साथ हमारा समय कैसे कट जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। हमें इससे असीम सुख की अनुभूति होती है।'

**बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच:** मजबूरीवश ही सही सोशल मीडिया के इस दौर में आज दादा-दादी, नाना-नानी जैसे रिश्ते, जो पिछले कुछ सालों से हाशिए पर चले गए थे, उनकी इस जनरेशन ने अब कीमत पहचानी है। हमारे बुजुर्ग, हमारे बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी उनके लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह करना आसान नहीं है। बच्चों को क्रेच में छोड़ने या मेड के भरोसे रखना सही नहीं है। हमारे माता-पिता के साथ बच्चों का रक्त संबंध है, बच्चों को भी अच्छा लगता है और हमारे माता-पिता भी हमारे साथ रहते हैं। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार का एक मजबूत आधार और बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच हैं।

## खबर संक्षेप

### 1 दशक में उन्नाव समेत 7 रूटों पर दौड़ेगी मेट्रो



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने 2035 तक उन्नाव समेत सात और रूटों में मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की योजना बनाई है। उन्नाव तक मेट्रो विस्तार से वहां की बड़ी आबादी को इसकी सुविधा मिलेगी। 74.92 किलोमीटर के नए रूटों के लिए कॉरपोरेशन ने राइट्स संस्था के साथ सर्वे पूरा कर लिया है। निर्माण की अनुमानित लागत 34276.61 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### 2 बच्चों के साथ महिला ने खाया जहर, दो की मौत



**गया।** मोक्षनगरी के नाम से विश्व विख्यात बिहार के गया में सोमवार को सनसनीखेज कांड हुआ। एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गई जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं। 35 वर्षीय मुन्नी देवी को मगध मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है। छोटे बच्चे को पिता जितेंद्र पासवान अपने साथ लेकर चला गया। घटना डोभी थाना क्षेत्र के अंगरा गांव की है।

### रामजानकी मंदिर से करोड़ों की मूर्तियां चोरी



**समस्तीपुर।** जिले के प्राचीन रामजानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से राम, लक्ष्मण और सीता की प्राचीन मूर्तियां चोरो हो गई। जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। चोरों ने मंदिर के पुजारी को बंदूक की नोंक पर बंधक बना लिया, उनकी पिटाई की और फिर करोड़ों की कीमत की मूर्तियां लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के विभूतिपुर थाना अंतर्गत भुसवार गांव में रामजानकी मंदिर की है।

## संभल में रामभद्राचार्य ने अपनी बात रखते हुए कहा- हम किसी से उलझेंगे नहीं, कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, जहां मंदिर उसे लेकर रहेंगे

- संभल में श्रीरामकथा के दौरान रामभद्राचार्य जी ने चौपाइयों और भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ समर्पित होना चाहिए। अब मंदिरों को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा–हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, अब हिंदू जाग चुका है।

एजेंसी ▶▶ संभल

जिले के बहजोई में आयोजित श्रीरामकथा में जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने चौपाइयां सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने हिंदुत्व पर अपनी बात रखते हुए श्रोताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि हम हिंदू हैं, तो हिंदू धर्म की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्राण समर्पित होने चाहिए। वह बोले, जहां-जहां मंदिर हैं, वह तो हम ले ही लेंगे।



इसमें कोई समझौता नहीं होगा। भगवान श्रीराम की कृपा हुई और वक्फ बोर्ड का मामला पास हुआ। जगद्गुरु ने भजन के माध्यम से कहा कि भूलकर भी किसी को न छेड़ेंगे हम, और छेड़ने पर किसी को न छोड़ेंगे हम। अब हिंदू नहीं, सोचेगा। संभल कल्कि भगवान की धरती है। यहां भगवान कल्कि का अवतार होना है। जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीराम राष्ट्र नायक इसलिए बने कि उन्हें हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। रविवार को हुए आयोजन में आयोजकों ने हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचने पर रामभद्राचार्य जी महाराज के चरण छूकर व माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वेद मंत्र हुए। मंच पर विराजित जगद्गुरु के मुख से निकली मंगल भवन, अमंगल हारी व सीताराम हनुमान आदि चौपाइयां सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए।

### भगवान राम के पुत्र व कन्हैया के मित्र हैं वीर हनुमान

जगद्गुरु वीर हनुमान के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वीर हनुमान भगवान राम के पुत्र व कन्हैया के मित्र हैं। कन्हैया जी ने महाभारत में हनुमान को अर्जुन के रथ पर लगे ध्वज पर बैठाया और स्वयं सारथी बनकर नीचे रथ पर बैठे। वह बोले, श्रीराम राष्ट्र नायक बने। वह इसलिए कि श्रीराम को हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। इसी प्रकार जैसे कन्हैया ने दो माताएं बनाईं। देवकी व यशोदा।

### श्रोताओं ने दोनों हाथों से तालियां बजाकर जयकारे लगाए

उसी प्रकार हनुमान ने भी दो माताएं बताईं। अंजना व सीता। वहीं, कन्हैया ने दो पिता बनाए। वासुदेव व नंदबाबा। उसी प्रकार हनुमान ने दो पिता बनाए। पवन व केसरी। इस बीच वीर हनुमान का प्रसंग सुनकर श्रोता दोनों हाथों से तालियां बजाकर जय-जयकार कर रहे थे। इसके बाद भगवान श्रीराम की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले आयोजकों में सेवानिवृत डीआईजी शिवकुमार वार्ष्णेय, तीरथ वार्ष्णेय, अजय कुमार नीटू, कपिल गुप्ता, गोविंद इलैक्ट्रॉनिक्स, सचिन कुमार नन्हा, टिंकू सेठ, नीटू कठैरिया व अनुज कुमार हिटलर रहे।

## आंबेडकर जयंती पर 14-15 लाख परिवारों के लिए सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा यूपी

- लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान जीरो पावर्टी योजना के संदर्भ में सीएम ने कहा कि हम लोग पहले चरण में ऐसे 14 से 15 लाख परिवारों को जोड़ने जा रहे हैं। जिन्हें आज तक बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिलीं, उन्हें डबल इंजन की सरकार उपलब्ध करवाएगी। यह योजना उत्तर प्रदेश में बाबा साहब के नाम पर जानी जाएगी।

योजना उत्तर प्रदेश में बाबा साहब के नाम पर जानी जाएगी | हर ग्राम पंचायत में 20 से 25 ऐसे परिवार होंगे जिन्हें आज तक बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार ने आंबेडकर जयंती के मौके पर बड़ा ऐलान किया है। आंबेडकर महासभा के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद ऐलान किया। सीएम के मुताबिक इस योजना का लाभ 14-15 लाख लोगों को मिलेगा।

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान जीरो पावर्टी योजना के संदर्भ में सीएम ने कहा कि हम लोग पहले चरण में ऐसे 14 से 15 लाख परिवारों को जोड़ने जा रहे हैं। जिन्हें आज तक बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिलीं, उन्हें डबल इंजन की सरकार उपलब्ध करवाएगी। यह योजना यूपी में बाबा साहब के नाम पर जानी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में ऐसे 14 से 15 लाख परिवारों को जोड़ने जा रहे हैं जिन लोगों के पास सभी प्रकार की सुविधाएं एक मुश्त उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम को इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। हर ग्राम पंचायत में 20 से 25 ऐसे परिवार होंगे जिन्हें आज तक बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी।

सीएम योगी ने कहा कि इस सुविधा को मैं बाबा साहब की 134वीं पावन जयंती के अवसर पर बाबा साहब को ही समर्पित करना चाहता हूं। ये योजना यूपी में बाबा साहब के ही नाम पर जानी जाएगी। बाबा साहब को ही समर्पित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना उन्हीं के नाम पर जानी जाएगी क्योंकि देश के अंदर शैक्षिक रूप से भी सामाजिक रूप से भी और आर्थिक रूप से भी समुन्नत करने का जो दर्शन बाबा साहब ने दिया था।

उत्तर प्रदेश देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य होने के बावजूद पहला राज्य होगा जो अपने को जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा।



### सीएम योगी ने अपनी कैबिनेट के साथ डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

आंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी कैबिनेट के सहयोगी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए एक्स पर कहा कि सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करते भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! वे सच्चे अर्थों में 'भारत रत्न' एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे।

## ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन समेत पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की



- डॉ. खनगवाल बोले, प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाएंगे
- सभी डॉक्टर्स रिसर्च करें और मरीजों को ब्योरा साझा करें

**रोहतक।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) और ईएचकेडी फार्मा ने सोमवार को रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद ईएचएमसीएचआर की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। सबसे पहले ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद वाइस चेयरमैन डॉ विनोद तोबड़िया, वाइस चेयरपर्सन डॉ. श्वेता रोहिल्ला, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. सतीश मलिक, डॉ. पीके अरोड़ा, डॉ. लालचंद गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. वेदपाल रावत और कैशियर डॉ. रोहित कटारिया ने शपथ ग्रहण की। कैथल, रोहतक, रेवाड़ी समेत कई जिलों के अध्यक्षों और सेक्रट्री ने शपथ ग्रहण की। डॉ. खनगवाल ने कहा कि अब नई कार्यकारिणी नए उत्साह के साथ प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाने के लिए काम करेगी। उन्होंने सभी डॉक्टर्स से आह्वान किया कि वे जोर शोर से इलेक्ट्रो होम्योपैथी पर काम करें। इस मौके पर प्रदेश भर से आए इलेक्ट्रो हामम्योपैथी के डॉक्टर, ईएचकेडी फार्मा की चेयरपर्सन डॉ. उषा खनगवाल, एएएमसी के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल सिंह, एएएमसी की रजिस्ट्रार डॉक्टर शिवानी, ईएचएमसीएचआर के सेक्रेटरी डॉ. संदीप सैनी, स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ. वीके कौशिक, रोहतक के सेक्रेटरी डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जीएस चौहान अंबाला, डॉ. संजय डागर सोनीपत, डॉ. रमेश झज्जर, डॉ. वंदना गुरुग्राम, डॉ. मीना रोहतक, डॉ. सुभाष, डॉ. रविंदर पलवल, डॉ. मनोज मंडल कैथल, डॉ. वीरेंद्र राणा अंबाला, डॉ. सोहन लाल अंबाला, डॉ. पवन जांगरा, जिला अध्यक्ष भिवानी, डॉ. रवि टॉक सेक्रेटरी भिवानी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

### वक्फ पर पिछली सरकारों...

विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

**कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। इस कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है। पीएम ने आगे कहा कि अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को हिंदुस्तान के किसी भी कोने में उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधानों से वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान होगा। मोदी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। आज ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंक्चर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी, तब जाकर सरकार ने यह बदलाव किया है। हमने इस वक्फ कानून में एक और प्रावधान किया है।

**औद्योगिक विकास के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी:** पीएम मोदी ने यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिजली देश की उन्नति का आधार है और औद्योगिक विकास, एमएसएमई सेक्टर की तरक्की तथा विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण के लिए देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना अनिवार्य है। उन्होंने दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट की तीसरी इकाई की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे यमुनानगर को विशेष रूप से लाभ होगा, जहां प्लाईवुड, एल्युमिनियम, कॉपर और पीतल के बर्तनों का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। साथ ही पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी यह क्षेत्र अग्रणी है। बिजली की उपलब्धता बढ़ने से इन सभी उद्योगों को मजबूती मिलेगी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

**जज्बे का नाम शंकरन नायर:** मोदी ने कहा कि देश ने बैसाखी का पर्व मनाया। कल ही जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। यह पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने के जज्बे का है। इस जज्बे का नाम शंकरन नायर है। इनका नाम सुना नहीं होगा, लेकिन इस नाम की चर्चा खूब हो रही है। उस जमाने में वे अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे।

**हिसार से अयोध्या पहुंची पहली फ्लाइट:** पीएम मोदी ने सोमवार सुबह हिसार से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई थी। 1 घंटे 45 मिनट का सफर करके जब ये फ्लाइट अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने हिसार के यात्रियों का स्वागत किया। एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि सप्ताह में 2 दिन शुक्रवार और रविवार को यह फ्लाइट उड़ान भरेगी। उन्होंने कहा कि इससे हिसार और अयोध्या के बीच व्यापारिक संबंध भी अच्छे होंगे।

उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की: कांग्रेस उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती थी, उन्होंने उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश रची। उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया। पीएम मोदी ने यह भी सवाल किया कि कांग्रेस किसी मुस्लिम को अपना अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती और अपने चुनाव के 50 प्रतिशत टिकट मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए क्यों नहीं रिजर्व करती।

**कांग्रेस शासनकाल में ब्लैकआउट में बात थी:** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज जब देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल ब्लैक आउट आम बता थी। के वे दिन नहीं भूलने चाहिए जब पूरे देश में ब्लैकआउट आम बात थी। पीएम मोदी ने कहा kf हमें कांग्रेस के दिनों को भी भूलना नहीं चाहिए। हमने 2014 से पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तो हम वो दिन भी देखे हैं जब पूरे देश में ब्लैकआउट होते थे, बिजली गुल हो जाती थी। अगर कांग्रेस की सरकार रहती, तो देश को आज भी ऐसे ही ब्लैकआउट से गुजरना पड़ता। न कारखाने चल पाते, न रेल चल पाती, न खेतों में पानी पहुंच पाता, यानी कांग्रेस की सरकार रहती, तो ऐसे ही संकट बने रहते।

### पीएम से मिलने का 14 ...

वर्ष पहले एक संकल्प लिया था कि जब तक मैं प्रधानमंत्री नहीं बनता और वे मुझसे मिल नहीं लेते, तब तक वे चप्पल नहीं पहनेंगे। रामपाल जैसे लोगों की भावनाओं से मैं अभिभूत हूं। मैं उनके स्नेह को ससम्मान स्वीकार करता हूं, लेकिन मैं ऐसे सभी साथियों से एक विनम्र अनुरोध करता हूं जो इस तरह के संकल्प लेते हैं आपका प्रेम मेरे लिए अमूल्य है... कृपया अपने संकल्पों को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी किसी सकारात्मक दिशा में लगाएं!

### भगोड़ा मेहुल चोकसी...

नीरव मोदी भी लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा: सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने भगौड़ा नीरव मोदी और मेहुल चोकसी दोनों के खिलाफ गैरजमानती वॉरंट जारी किया है। नीरव मोदी वर्तमान में लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा है। नीरव मोदी लंदन में मनी लांड्रिंग मामले को लेकर कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहा है। फिलहाल वो लंदन की जेल में बंद है। बार-बार जमानत मांगने के बाद भी उसकी याचिका खारिज हो गई है। नीरव मोदी ने जनवरी 2018 में भारत छोड़ा था। इसके कुछ दिनों बाद ही पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए घोटाले का मामला सामने आया था। सीबीआई ने इस मामले में 30 जनवरी 2018 को एफआईआर दर्ज की थी। उसको 19 मार्च 2019 को लंदन में होबर्न के मेट्रो बैंक ब्रांच से गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त नीरव मोदी वहां अपना बैंक अकाउंट खुलवाने गया था। उसके बाद नीरव मोदी को लंदन की वैंडजवर्थ जेल में रखा गया। मई 2020 से लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में नीरव मोदी के प्रत्यपर्ण का मामला चला। लंदन की अदालत ने नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

### तटरक्षकबल और गुजरात...

की खेप जब्त की गई। अभियान के लिए तटरक्षकबल के उत्तर महाराष्ट्र और दक्षिण गुजरात क्षेत्र में बहुआयामी मिशन पर तैनात जहाज को रवाना किया गया था।

**तेजी से खत्म होता नशीली दवाओं का नेटवर्क:** गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में गुजरात एटीएस और तटरक्षकबल की इस सफलता के लिए दोनों एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार नशीली दवाओं के नेटवर्क को बुरी तरह से ध्वस्त कर रही है। नशामुक्त भारत के निर्माण के निरंतर प्रयास में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के करीब 1800 करोड़ रुपए के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। समुद्र में किया गया यह अभियान मादक पदार्थों की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र सरकार के समग्र सरकारी दृष्टिकोण की सफलता का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**पोरबंदर में होगी नशीले पदार्थ की जांच:** मंत्रालय ने बताया कि जब्त किया गया नशीला पदार्थ आगे की जांच के लिए गुजरात के पोरबंदर लाया गया है। यह अभियान राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दोनों एजेंसियों के तालमेल की पुष्टि करता है। जिसके कारण हाल के वर्षों में 13 सफल कानून प्रवर्तन अभियान हो चुके हैं।

**रातभर अभियान चलाकर हुई बरामदगी:** वहीं, इस अभियान के दौरान तटरक्षकबल के जहाज के करीब आने का आभास होने पर संदिग्ध नौका ने आईएमबीएल की ओर भागने से पहले अपने मादक पदार्थ की खेप को समुद्र में फेंक दिया। तभी सतर्क आईसीजी जहाज ने नाव का पीछा करते हुए फेंकी गई खेप को बरामद करने के लिए तुरंत अपनी समुद्री नाव को रवाना किया। लेकिन आईएमबीएल की निकटता और संदिग्ध नौका की पहचान के वक्त उसके और आईसीजी जहाज के बीच की प्रारंभिक दूरी की वजह से अपराधी को पकड़ा नहीं जा सका और उसने आईएमबीएल को पार कर लिया। जिसकी वजह से ज्यादा आगे तक नौका का पीछा नहीं किया जा सका। हालांकि तटरक्षकबल की टीम ने रात के कठिन समय में गहन खोज के बाद समुद्र में फेंके गए मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा को बरामद किया।

### राजद नेता तेजस्वी...

करो या मरो की स्थिति के साथ सामने है। लागतार तीन बार जदयू , भाजपा गठबंधन की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बनती रही है। इस बार नीतीश कुमार की तबियत सार्वजनिक रूप से कई बार दुरुस्त नहीं दिखने के बाद इस कयास को बल मिला कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का पद अपने पास रखने के इरादे से मैदान में होगी। वैसी स्थिति में जदयू, भाजपा गठबंधन को कैसे घेरना है इस पर भी तेजस्वी के साथ कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की चर्चा होनी है। कांग्रेस नेतृत्व से सीट बंटवारे पर साफ साफ बात करने के बाद आगामी 17 तारीख को राजद की अगुवाई में पटना में विपक्षी गठबंधन दल की बैठक आहूत की जाएगी, जिसमें सीट बंटवारे पर आपसी विमर्श होगा।

**मुख्यमंत्री पद का चेहरा:** महागठबंधन में सीएम उम्मीदवार को लेकर मतभेद की खबरें हैं। राजद तेजस्वी यादव को पहले ही सीएम चेहरा घोषित कर चुकी है, और तेजस्वी ने भी सार्वजनिक रूप से इसे दोहराया है। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि सीएम का फैसला चुनाव परिणामों के बाद गठबंधन की सहमति से होगा। बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने हाल ही में कहा कि अभी कोई सीएम चेहरा तय नहीं है। तेजस्वी इस मांग के साथ कांग्रेस नेतृत्व के सामने होंगे कि मुख्यमंत्री का चेहरा उन्हें घोषित कर इंडिया गठबंधन मैदान में उतरे ताकि कार्यकर्ताओं में जोश भरा जा सके।

**महागठबंधन की स्थिति:** राजद और कांग्रेस लंबे समय से सहयोगी रहे हैं, लेकिन सीट बंटवारे और नेतृत्व को लेकर असंतोष की खबरें अक्सर सामने आती रही हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन का प्रदर्शन कमजोर रहा था। 2015 में राजद, कांग्रेस, और जदयू के गठबंधन ने भाजपा को हराया था, लेकिन जदयू अब भाजपा के साथ केंद्र और बिहार की राजग सरकार में शामिल है।

**सामाजिक समीकरण:** राजद का मुख्य जनाधार यादव और मुस्लिम समुदायों में है, जबकि कांग्रेस अल्पसंख्यकों, दलितों, और कुछ ऊंची जातियों में प्रभाव रखती है। वामदलों का जनाधार अभी भी बिहार के दो दर्जन विधानसभा सीटों पर है। जिनमें मूल रूप से समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी जातियां शामिल हैं। विपक्षी दलों का सामाजिक गठजोड़ बिहार के चुनावी समीकरणों को हर बार सशक्त रूप प्रभावित करता रहा है।

### राहुल गांधी तैयार करेंगे ...

करेंगे। यह प्रोजेक्ट एआईसीसी महासचिव मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर आधारित है, जिसका गठन देशभर में जिला इकाइयों को मजबूत करने के लिए किया गया था। गुजरात को इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है, और इसे आज, मंगलवार को को औपचारिक रूप से अरवल्ली जिले के मोडासा से लॉन्च किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जिला स्तर पर नेतृत्व को अधिक स्वायत्तता और जवाबदेही देना है, ताकि स्थानीय स्तर पर संगठन मजबूत हो सके।

**संगठनात्मक रणनीति को मजबूत करने पर होगी चर्चा:** मंगलवार को राहुल गांधी अहमदाबाद में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वे जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगे और उन्हें उनकी जिम्मेदारियों, स्वायत्तता, और जवाबदेही के बारे में विस्तृत कार्यशाला में मार्गदर्शन देंगे। इस दिन संगठनात्मक रणनीति और गुजरात में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने पर चर्चा होगी। अगले दिन बुधवार को राहुल गांधी उत्तर गुजरात का दौरा करेंगे, विशेष रूप से अरवल्ली जिले के मोडासा में, जहां पायलट प्रोजेक्ट की आधिकारिक शुरुआत होगी। वे स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सीधे संवाद करेंगे, ताकि जमीनी स्तर की समस्याओं को समझा जा सके।

**प्रत्येक जिले में 5 सदस्यों का पैनल बनाएंगे:** विदित हो कि कांग्रेस ने गुजरात में पिछले तीन दशकों से सत्ता में वापसी नहीं की है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 182 में से केवल 17 सीटें जीती थीं, और बाद में पांच विधायकों के इस्तीफे से यह संख्या 12 हो गई। एक के बाद एक वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड कर जाने से सांगठनिक रूप से कांग्रेस पार्टी की स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती। राहुल गांधी ने हाल के दौरे में गुजरात कांग्रेस में उन नेताओं को हटाने की बात कही थी, जो "भाजपा के लिए काम कर रहे हैं" या जनता से कटे हुए हैं। इस दौरे में भी वे इस "सफाई अभियान" को आगे बढ़ा सकते हैं। जिला स्तर पर नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए 41 एआईसीसी और पीसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिनमें शंकरसिंह वाघेला के बेटे महेंद्रसिंह, पूर्व सांसद अमरसिंह जेड चौधरी और उनके बेटे सिद्धार्थ, और पूर्व विधायक इंद्रनील राजगुरु जैसे नाम शामिल हैं। प्रत्येक जिले में पांच सदस्यों का पैनल बनाया जाएगा। इस प्रक्रिया में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन में जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार देने की योजना है, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन की भागीदारी बढ़े।

### बाबा साहेब ने...

1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंचासीन अतिथियों ने 'संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन' पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

**महू से हुई एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत:** विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891 में इसी दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. आंबेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब आंबेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं।

**डेयरी खोलने पर सरकार देगी 30 प्रतिशत अनुदान:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार 30 प्रतिशत अनुदान देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है।

### टास्क फोर्स ने की...

**मौजूदा कदमों की विस्तृत समीक्षा:** मंत्रालय ने कहा कि बैठक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों को लेकर अभी तक उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डाटा एकत्रित करने के लिए एक पोर्टल और वेबसाइट का विकास, एजेंडा बिंदुओं में शामिल किया गया। रिपोर्ट और नियम संबंधी दिशानिर्देश, प्रश्नों का वितरण, विभिन्न क्षेत्रों से सहयोग हासिल करने के अलावा डीओएसईएल व एमओएचएफडब्ल्यू के अधिकारियों को साथ लेने और संस्थानों, एनआईईपीए के बीच समन्वय पर जोर दिया गया।

चिंतन

# समतामूलक समाज निर्माण अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर उनकी विरासत को लेकर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण में डा. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करने और समतामूलक समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। सत्ताधारी दल और विपक्षी दल के बीच अंबेडकर की विरासत पर राजनीतिक कब्जे के लिए होड़ मची हुई है, लेकिन यही जब सत्ता में होते हैं, तो उनके सिद्धांतों पर अमल करते हुए नीतिगत फैसला नहीं लेते हैं। संविधान प्रदत्त राजनीति लोकतंत्र का तो सभी लाभ उठा रहे हैं, लेकिन सामाजिक व आर्थिक असमानता दूर करने के लिए सामाजिक न्याय व समता पर आधारित सामाजिक लोकतंत्र और समानता पर आधारित आर्थिक लोकतंत्र को अपनाने की दिशा में किसी भी दल की सरकार ने पहल नहीं की। आज भी राष्ट्र में सामाजिक व आर्थिक विषमताएं गहरे तक व्याप्त हैं, सरकारें उदासीन बनी हुई हैं। अंबेडकर के सपने के अनुरूप जाति व्यवस्था के खात्मे की दिशा में किसी भी सरकार ने कानूनी प्रयास नहीं किया, जबकि यह संभव है। लेकिन देश के दल विभाजनकारी राजनीति के पचड़े में ही उलझे हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बीच अंबेडकर को लेकर तीखे आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति नहीं बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया कि मोदी सरकार बाबासाहेब का सिर्फ नाम लेती है जबकि भाजपा तथा संघ के लोग अंबेडकर के शत्रु हैं। अभी सत्ताधारी दल अगर डा. अंबेडकर के सपनों के अनुरूप सामाजिक आर्थिक न्याय की बहाली की दिशा में काम करे तो देश की दशा बदल सकती है। यह सबको ज्ञात है कि कांग्रेस ने अंबेडकर को दो बार चुनाव में हरवाया, कांग्रेस शासन में बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिला, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राजनीतिक सम्मान भी नहीं दिया, इसलिए कांग्रेस को विरासत पर कुछ भी बोलने से पूर्व आत्मचिंतन करना चाहिए। संविधान निर्माण से लेकर निर्वाचन आयोग के गठन तक अनेक योगदान अंबेडकर के देश के लिए हैं। भीमराव छोटे राज्यों के पक्षधर थे, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार के विभाजन का प्रस्ताव उन्होंने रखा था, छोटे राज्य भी भाजपा शासन के दौरान ही अधिक बने। अंबेडकर के विचार केवल इतिहास की किताबों या औपचारिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रतिरोध की परिभाषा को आकार दे रहे हैं और अदालतों से लेकर कक्षाओं, विरोध-प्रदर्शनों और साइबर संसार तक में गूंज रहे हैं, जहां जाति, समानता एवं लोकतंत्र के बारे में बहस अब भी जारी है। आंबेडकर एक विधिशास्त्री से कहीं अधिक थे। वह एक क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका समतावादी और जाति व्यवस्था मुक्त भारत का दृष्टिकोण देश के समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए आज भी बेहद प्रासंगिक है। अंबेडकर का यह दृष्टिकोण वर्ष 2025 में भी प्रासंगिक है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना लोकतंत्र फल-फूल नहीं सकता। आज जब जाति, वर्ग और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है, तब समानता को लेकर उनका दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करता है। इसलिए राजनीतिक के बजाय उनके अदर्शों को राष्ट्र को सही मायने में अपनाने की जरूरत है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# मुर्शिदाबाद का भयावह सच

मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं? सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है?

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्यप्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर मलाड आदि की घटनाओं से निस्संदेह देश को डरना चाहिए। इसका यह अर्थ नहीं कि डर कर चुपचाप बैठ जाए, बल्कि इन घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। हम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में गैर मुस्लिमों, हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा पर अपनी भौंहें टेढ़ी करते हैं, अपने देश के बारे में क्या कहेंगे? मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने कम से कम उन्हें गले लगाया और खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार की यात्रा के बाद पार्टी और दूसरे हिंदू संगठन भी सक्रिय हुए, लेकिन क्या किसी को याद है 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंदू असम और झारखंड में पहुंच गए थे। वे आज तक लौटे या नहीं लौटे देश को पता भी नहीं था। जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसर्मा ने अपनी पोस्ट लिखी तब इसकी जानकारी हुई। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं?

यही वह प्रश्न है अलग-अलग ऐसी घटनाओं और संदर्भों में जिनका उत्तर भारत स्पष्ट रूप से कभी नहीं दे सका। धुलियान में एक गरीब पिता पुत्र की हत्या कर दी गई, जो हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मूर्तिकार से किसका वैर का हो सकता है? लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए। यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गईं, अन्यथा पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता इसकी कल्पना से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना कीजिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिंदू समाज के साथ इनके



अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय ईकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करती। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको यह भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के ही दुश्मन हैं। अगर विरोध करना है तो इसके लिए हिंदुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, दुकान घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायन कर गए लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोलकर दियासलाई से आग लग रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभायात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। पिछले लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुओं से जुड़े उत्सवों, शोभायात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आते। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहरने का अभियान चलता है और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय जब वर्धमान जिले में एक बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए की टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुई और मरने वाले तीनों तृणमूल के थे। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ममता से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाता है।

सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है। बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। धीरे-धीरे दूसरे राज्यों में भी हिंदू उत्सवों प्रतिमा विसर्जनों शोभा यात्राओं आदि पर हमले की प्रवृत्तियां बढ़ीं हैं। उनके संदर्भ में हिंदू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नए सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को खुलकर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है, लेकिन जो समाज आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता। कम से कम ऐसी घटनाओं के विरोध में अहिंसक तरीके से धरना प्रदर्शन तो होना चाहिए था। बावजूद बंगाल जैसी स्थिति किसी की नहीं। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिंदुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

तेलंगाना विवाद
योगेश कुमार गोयल




# जीवन की सांसें हैं वृक्ष

तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए अगले आदेश तक इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लगा दी। अदालत ने पूछा कि वनों की कटाई शुरू करने की इतनी आपातकालीन आवश्यकता क्यों थी? उल्लेखनीय है कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास तेलंगाना सरकार द्वारा आईटी पार्क बनाने के लिए उस स्थान पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही थी। सोशल मीडिया पर इसी जगह का एक दिल दहलाने वाला वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें अंधेरे में बुलडोजर चलता दिख रहा है और वहीं से मोरों के झुंड की आवाज़ सुनाई दे रही है, जो जंगलों की कटाई से रो रहे हैं। इससे कुछ ही दिन पहले आगरा में ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काटे गए सैकड़ों वृक्षों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कठोर टिप्पणी की थी। अदालत के आदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाते हैं। अदालत ने अपने इन निर्णयों से स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के ये निर्णय देश के उन क्षेत्रों के लिए भी संदेश है, जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन को प्राणवायु माना जाता है और पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक हमें अपने आसपास इतने वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि कम से कम अपने परिवार के लिए तो हम ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं ही कर सकें। एक व्यक्ति वर्षभर में औसतन 9.5 टन हवा अपने अंदर लेता है, जिसमें इस हवा का 23 प्रतिशत हिस्सा ऑक्सीजन होता है, जिसकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति को सालभर की सांसों के लिए 7-8 वृक्षों की ऑक्सीजन चाहिए। इंसान को सामान्य रूप से सांस लेने के लिए हवा में कम से कम 19.5 फीसद ऑक्सीजन होनी चाहिए। वायुमंडल में यदि ऑक्सीजन नहीं होगी तो पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा, इसलिए ऑक्सीजन बचाने के लिए वृक्षों को बचाना समय की बड़ी मांग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्वस्थ वृक्ष प्रतिदिन करीब 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे 6-7 लोगों को प्राणवायु मिल पाती है, लेकिन पर्याप्त वृक्षों के अभाव में बहुत सारे स्थानों पर अब एक ही वृक्ष को करीब 20 लोगों को ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। दरअसल वायुमंडल में पहले ऑक्सीजन की जितनी मात्रा होती थी, वृक्षों के अभाव में उसमें 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। नीम, बरगद, पीपल जैसे बड़े छायादार वृक्ष, जो 50 साल या उससे ज्यादा पुराने हों, उनसे तो प्रतिदिन 140 किलो तक ऑक्सीजन मिलती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार करीब दो सौ वर्ष पुराने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ प्रतिदिन 250 लीटर ऑक्सीजन का स्राव करते हैं। ऐसे में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि ऐसे छायादार पुराने वृक्ष काटने से पर्यावरण को कितनी भारी क्षति पहुंचती है। यही वजह है कि ऐसे छायादार वृक्ष अपने आसपास के परिवेश में लगाने की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है। नीम, बरगद, तुलसी इत्यादि प्रतिदिन 20 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन छोड़ते हैं जबकि पीपल तो दिन में 22 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन का स्राव करता है। बांस के पेड़ किसी भी अन्य वृक्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं। 100 विशाल वृक्ष प्रतिवर्ष 53 टन कार्बन डाईऑक्साइड तथा 200 किलोग्राम अन्य वायु प्रदूषकों को दूर करते हैं और 5.3 लाख लीटर वर्षा जल को थामने में भी मददगार साबित होते हैं। घर में सुनियोजित ढंग से लगाए जाने वाले वृक्ष न केवल गर्मियों में एसी की खपत में 56 फीसदी की कमी लाते हैं, बल्कि सर्दियों में ठंडी हवाओं को भी रोकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी वृक्ष के वजन में एक ग्राम की वृद्धि से ही उससे 2.66 ग्राम अतिरिक्त ऑक्सीजन मिलती है तथा किसी विशाल वृक्ष से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन, फल, लकड़ी, बायोमास इत्यादि की कीमत के आधार पर पचास साल की अवधि में ऐसे वृक्ष की आर्थिक कीमत करीब दो लाख डॉलर होती है। एक स्वस्थ वृक्ष से मिलने वाली ऑक्सीजन की कीमत के आधार पर ऐसे वृक्ष की सालाना कीमत करीब 24 लाख रुपये होती है। स्वच्छ प्राणवायु के अभाव में कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बहरहाल, तेजी से होते जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की विकराल होती स्थिति को देखते हुए यह समझने की जरूरत है कि वायुमंडल में जो ऑक्सीजन मौजूद है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पेड़-पौधों का ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### हिंदी भाषा व साहित्य को विशेष प्राथमिकता मिले

देश, प्रदेश के कुछ विद्यालयों, महाविद्यालयों में ऐसा कुछ संभवतः लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि समय सारिणी में हिंदी भाषा और साहित्य के विषय को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक कर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा व साहित्य का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। *- समीर दीवान, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

### अनेक कदम उठाए



हमारी सरकार ने बाबासाहेब की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन संविधान के नाम पर रोटी सेंकने वालों ने उनसे जुड़े स्थानों का ना सिर्फ अपमान किया, बल्कि इतिहास से मिटाने का प्रयास भी किया।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाबासाहेब को नमन



बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### कड़े कानून बनाने चाहिए



कई प्राइवेट स्कूल मनमानी तरीके से हर साल फीस बढ़ा देते हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई बोझ बन जाती है। किताबें-नोटबुक, यूनिफॉर्म स्कूल से ही महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर किया जाता है। इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए।
**-स्वाति मालीवाल, पूर्व अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू**

### नवाचार साझेदारी मजबूत होगी



विश्व स्तर पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यूके के शीर्ष स्थान पर, बेंगलुरु भारत के पहले इंपीरियल कॉलेज हब को देखने के लिए उत्सुक है, जो भारत-यूके वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करेगा।
**-किरण मजूमदारशॉ, उद्योगपति**

करंट अफेयर

## शुल्क युद्ध से किसी की जीत नहीं : शी चिनफिंग



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस हफ्ते दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के दौरे पर निकले हैं। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले वियतनाम की यात्रा की। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देशों पर भारी शुल्क (टैरिफ) लगाकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झटका दिया है। ट्रंप ने कुछ देशों पर लगाए शुल्कों पर फिलहाल विराम लगा दिया है, लेकिन चीन को इससे कोई राहत नहीं मिली है। ट्रंप ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन पर 145 प्रतिशत तक के भारी शुल्क अब भी लागू कर रखे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम और चीनी के आधिकारिक मीडिया में संयुक्त रूप से प्रकाशित संपादकीय में लिखा, व्यापार युद्ध या शुल्क युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने लिखा, हमारे दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले एवं सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। वैसे तो शी की यात्रा की योजना पहले से ही बनाई गई थी, लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच शुल्क विवाद के कारण यह यात्रा महत्वपूर्ण हो गई है।

ऑफ बीट

## कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन



कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी - जो कि लोगों में लगभग असंभव है।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

महानाट्य बताता है कि दुनिया में सबसे पहले कहां था लोकतंत्र, सुशासन का पाठ भी पढ़ाया

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य अतीत के स्वर्णिम पृष्ठ का प्रकटीकरण: डॉ. यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की राजधानी में लाल किले की प्राचीर पर निरंतर तीन दिन ऐतिहासिक महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास है, जो विश्व में भारत द्वारा सुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने की पहल से अवगत करवाता है। फिल्मों के निर्माण और डिजीटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परम्परा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश स्मरणीय रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को नई दिल्ली में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, धर्म और आध्यात्म क्षेत्र की हस्तियां और बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में निरंतर तीन दिन हुआ महानाट्य

**सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन, न्याय, वीरता और दानशीलता का स्थापित किया महत्व**



प्राचीन नाट्य परंपरा से परिचित कराने वाले महानाट्य के अंश स्मरणीय रहेंगे

**विकास के मंत्र पर हो रहा है कार्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विरासत के संरक्षण के साथ विकास की बात कर रहे हैं। वास्तव में यह अद्भुत काल है। प्रधानमंत्री स्वयं को प्रथम सेवक मानते हैं। आज भारत की गरिमा विश्व में बढ़ रही है। एक समय था जब सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन, न्याय, वीरता और दानशीलता के महत्व को स्थापित किया। उस युग को पुनः महानाट्य के माध्यम से प्रकट किया गया है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पक्षों को महानाट्य के माध्यम से सामने लाने का कार्य हुआ है।

### नाट्य विधा प्राचीन विधा है, इसका आज भी बड़ा महत्व है

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाट्य एक प्राचीन विधा है। आज के डिजिटल युग को देखें तो इस विधा का महत्व तब भी बना हुआ है। फिल्मों के निर्माण के साथ अनेक माध्यमों से कला और संस्कृति के दर्शन होते हैं लेकिन महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन काल को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करता है। यह महानाट्य हमारे इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ और गौरवशाली अतीत से परिचय करवाता है। मुख्यमंत्री ने सभी से वीर विक्रमादित्य की जय- जयकार भी करवाई। यादव ने सीएम रेखा गुप्ता के प्रति आभार जताया, जिन्होंने मंचन के लिए आवश्यक समन्वय करते हुए सहयोग प्रदान किया।



**हरिवंश, सिंधिया और रेखा ने भी किया संबोधित**

### विशिष्ट अतिथियों का मुख्यमंत्री ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में महानाट्य के मंचन के लिए सोमवार को पधारे राज्य सभा के उप सभापति हरवंश सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्यमंत्री शसावित्री ठाकुर, स्वामी अचलानंद, मध्यप्रदेश के मंत्री राकेश सिंह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, नरेंद शिवाजी पटेल, दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद की उपस्थित के लिए आभार माना और संस्कृति मंत्रालय एवं विक्रमादित्य शोध पीठ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। राज्यसभा के उप सभापति हरवंश सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

**चौहान ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत आईडी बनवाई**

# किसानों की सभी जरूरतों का समाधान है किसान डिजिटल आईडी: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा, मध्य प्रदेश में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है।

इस मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी उनको फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी मतलब जमीन कौन सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन सी फसल बोई है उसकी मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशुधन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी और इसका लाभ क्या है?



### सारा विवरण 5 मिनट में आ जाएगा

चौहान ने कहा कि उसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि अभी हर योजना का लाभ लेने के लिए किसान को अलग-अलग जगह कागज की औपचारिकता पूरी करनी होती है, मान लीजिए फसल में नुकसान हो गया तो उसको बहुत से विवरण कार्यों में सबमिट करना पड़ता था। बैंक से लोन लेना है कई दिन लगते थे कागज बनवाने में फिर बैंक मैनेजर के पास ले जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब फार्मर आईडी में सारी जानकारी एक ही जगह, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधे खाते में पैसा आएगा कुछ करने की जरूरत नहीं है, बैंकों से लोन लेना है 5 मिनट में फार्मर आईडी दिखाएगा सारा विवरण सामने आ जाएगा। कौन सी फसल बोई है से लेकर सारी जानकारी रहेगी, फसल बीमा का लाभ तत्काल मिल जाएगा।

### 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी

चौहान ने कहा कि खेती संबंधी और अन्य योजनाओं का लाभ भी किसानों तक ठीक ढंग से पहुंचे इसलिए जरूरी है आप फार्मर आईडी बनवाएं, एक जगह सारा विवरण जिसे कोई इधर-उधर नहीं कर सकता। कई बार धन्ना की जमीन पन्ना के नाम हो जाती है पता ही नहीं चलता, अब ये संभव ही नहीं है और ये फार्मर आईडी में जो जानकारी है वो सब गोपनीय है किसान चाहेगा तो ही साझा की जाएगी। चौहान ने कहा कि सभी किसान भाइयों से अपील है केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर फार्मर आईडी बनाने का अभियान चला रही है, आईडी में दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी और किसान के चाहने पर ही साझा की जाएगी। अब तक देश में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 78 लाख किसान भी शामिल हैं। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से एक जगह सारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाने की अपील की।

**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर ट्रस्ट को दी तमिलनाडु से धमकी



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के पुलिस महकमे में उस वक्त खलबली मच गई जब एक ईमेल के माध्यम से राम मंदिर ट्रस्ट को धमकी दी गई। धमकी वाले संदिग्ध ईमेल मामले में जांच की जा रही है। तमिलनाडु से किसी अनजान शख्स ने अंग्रेजी भाषा में धमकी भरा ईमेल भेजा है।

### पड़ा खलल... ततैयों के हमले में 25 लोग घायल



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक शादी समारोह के दौरान अचानक ततैये ने हमला कर दिया। ततैये के हमले से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा शादी समारोह के दौरान परिवार के सभी सदस्य मंदिर पर रस्म पूरी करने के लिए गए हुए थे।

### कल्याण की पत्नी ने कराया 'मन्नत मुंडन'



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी ने रविवार को तिरुमाला मंदिर में सिर मुंडवाकर मन्नत पूरी की। हाल ही में सिंगापुर के एक स्कूल में आगजनी की घटना में घायल बेटे की सलामती को मन्नत मांगी थी। देवता के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक में बाल अर्पित कर दिए।

बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विरोध का सिलसिला नहीं थम रहा

# मालदा, मुर्शिदाबाद के बाद अब सिलीगुड़ी में फैली हिंसा की आग कई जगह पर जमकर पत्थरबाजी, लूटपाट और आगजनी भी

बंगाल पुलिस को इनपुट मिले कि हिंसक प्रदर्शन में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन एसडीपीआई और अन्य समूहों का हाथ है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी



एजेंसी ⏭ सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.बंगाल में मालदा और मुर्शिदाबाद के बाद अब दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी शहर में हिंसा भड़क गई है। चरक पूजा कर रहे लोगों पर हमले की घटना के बाद सिलीगुड़ी नगर निगम के अधीन वार्ड नंबर 4 के ज्योति नगर इलाके में दो पक्षों के बीच भिड़ंत हो गई, जिससे पूरे इलाके का माहौल गरमा गया है। इलाके में दो कंपनी रैफ के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें कुछ लोगों को चोटें भी आई है। कई घरों में कांच की खिड़कियां टूट गई है। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के जाफराबाद में एक बार फिर हिंसा भड़की, लेकिन पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल के जवाब तुरंत वहां पहुंचे और परिस्थिति पर काबू पाया। कोलकाता में आईएसएफ ने विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें तितर बितर कर दिया।

### चरक पूजा कर रहे लोगों पर किया गया हमला, दो पक्ष आपस में भिड़े

आईएसएफ पुलिस से भिड़े

*शमशेरगंज में घरों में कांच की खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने किया तितर बितर*

**लाठी डंडों के साथ आमने-सामने आए दोनों पक्ष**



सिलीगुड़ी पुलिस के डीसीपी (वेस्ट) बीसी ठाकुर, डीसीपी (मुख्यालय) तन्मय सरकार को लेकर पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर इलाके में पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों के साथ आमने-सामने थे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को खदेड़ा। इसके बाद दो कंपनी रैफ के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने कहा कि एक अफवाह की वजह से दो गुटों मे विवाद हुआ। पत्थरबाजी भी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा

**नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा**

### राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं राज्य के विधानसभा चुनाव

नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी।



### पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही

सुवेंदु ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। साथ ही सुवेंदु ने यह भी कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है।

### 200 से ज्यादा उत्पाती गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा और आगजनी के सिलसिले में अब तक 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। पुलिस का फ़िलहाल ध्यान इलाके में सामान्य स्थिति बहाल करने पर है। पुलिस और केंद्रीय बलों ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए फिलहाल वह सक्रिय रूप से रूट मार्च कर रहे हैं। राज्य पुलिस के कानून और व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने विश्वास जताया कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। सोमवार को शमीम ने भवानी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की कि 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार के बाद से जो कुछ हुआ, वह हम सभी ने देखा।



### ममता मौलवियों संग करेंगी बैठक भाजपा मनाएगी हिंदू शहीद दिवस



वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में घमासान मचा हुआ है। मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद अब राजधानी कोलकाता में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है। इस बीच, बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 16 अप्रैल को इमाम और मौलवियों से मुलाकात करेंगी। दूसरी तरफ, भाजपा ने इसी दिन शहीद दिवस मनाने का ऐलान किया है।

**मेघवाल ने हिंसा पर जताई नाराजगी**

### ममता का बयान गैरजिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनुचित



नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर सीएम ममता बेनर्जी का बयान ठीक नहीं है। दरअसल ममता ने कहा था कि वे बंगाल में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगी। मेघवाल ने कहा कि ममताने नागरिकता कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, लेकिन बंगाल में नागरिकता कानून लागू हुआ है। वक्फ कानून को लेकर बंगाल में हिंसा का दौर चल रहा है, जिसमें 3लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हैं।

### नागरिकता कानून भी बंगाल में लागू

मेघवाल ने बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सवाल किया गया, जिसमें उनसे ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें ममताने बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं करने की बात कही थी। इस पर मेघवाल ने कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, जबकि बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। ये संसद द्वारा बनाए गए कानून हैं, जो पूरे देश में लागू होते हैं। ऐसे में सीएम ममता का बयान कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा, वह सही नहीं है।

**कांग्रेस सांसद ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

सिरसा में अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

# हरियाणा में बिजली के रेट में बढ़ोतरी तो सिर्फ एक ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को डॉ. अंबेडकर जयंती पर सिरसा में अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए और देशवासियों को अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान को बचाना है क्योंकि संविधान सुरक्षित रहेगा तो देश सुरक्षित रहेगा, देश के लोग सुरक्षित रहेंगे, आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब



मिलकर 36 बिरादरी, समाज, देश और वंचित वर्ग के लिए काम करेंगे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सैलजा ने कहा कि बिजली दरों में बढ़ोतरी सिर्फ ट्रेलर है, बिल बढ़ोतरी की फिल्म अभी बाकी है। नशा और बेरोजगारी पर भाजपा सरकार ने मौन साधा हुआ है। हिसार एयरपोर्ट के कई बार हो चुके उद्घाटन पर भी चुटकी लेते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि न जाने कितनी बार और इस हवाई अड्डे का उद्घाटन होना है। भाजपा सरकार के छह माह के कार्यकाल के बाद भी मुद्दे आज तक ज्यों के त्यों बने हुए है।

### अंबेडकर ने समानता, न्याय का मार्ग दिखाया

सैलजा सोमवार को सिरसा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सैलजा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान, समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। संविधान में हर नागरिक को बराबरी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का अधिकार सुनिश्चित किया। डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, वे एक समाज सुधारक, आर्थिक विशेषज्ञ, लेखक और नारी सम्मान के प्रबल पक्षधर भी थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि आज हम सबको मिलकर संविधान को बचाना है, अगर संविधान सुरक्षित है तो समाज सुरक्षित हे, देश सुरक्षित है, देश के लोग सुरक्षित है उनके अधिकार सुरक्षित है। हम सभी को मिलकर 36 बिरादरी, समाज, देश और वंचित वर्ग के लिए काम करना होगा, देश के भाइचारे को बचाना होगा। इस मौके पर कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला भी मौजूद थे।

## गंगा पथ पुल में दरार, सरकार बोली-कुछ नहीं




**पटना।** यहां गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। 9 अप्रैल को लोकार्पण के 4दिन बाद ही दीदारगंज के पास पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। इस मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन कहा कि अधिकारियों को गंभीरता से जांच का आदेश दिया है। पुल के जिस हिस्से में क्रैक की सूचना दी जा रही है, वह वास्तव में कोई क्रैक नहीं है।

# बदल गई देश के टॉप अमीरों की लिस्ट! अब पहले नंबर पर पहुंचे मुकेश अंबानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फोर्ब्स ने 1 अप्रैल 2025 तक के फाइनेंशियल आंकड़ों के आधार पर देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी हैं। उल्लेखनीय है, एक समय ऐसा भी था, जब गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर शख्स हो गए थे। सूची इस प्रकार है-

- सूची में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी रहे दूसरे स्थान पर

### 1- मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी 1,000,122 करोड़ (119.9 बिलियन डॉलर) के रेवेन्यू के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस तेल-गैस, पेट्रोकेमिकल्स, टेलीकॉम और रिटेल सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय है। उनके तीनों बच्चे-आकाश, ईशा और अनंत, अब कंपनी के अलग-अलग हिस्सों का संचालन कर रहे हैं।

### 2. गौतम अडाणी

गौतम अडाणी अडानी ग्रुप के चेयरमैन हैं, जो भारत में पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में काम करता है। 2023 में हिन्डनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरावट जरूर आई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 2024 में ग्रुप ने बाजार में वापसी की।

### 3. सावित्री जिंदल और परिवार

भारत की सबसे अमीर महिलाओं कि लिस्ट में शामिल सावित्री जिंदल ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन हैं। कंपनी के संचालन की ज़िम्मेदारी उनके चारों बेटे संभालते हैं। जिंदल ग्रुप स्टील से लेकर स्पोर्ट्स तक कई क्षेत्रों में कार्यरत है।

### फोर्ब्स ने जारी की नए बिलेनियर 2025 की सूची

*4. शिव नाडार : भारत के आईटी क्षेत्र के अग्रणी शिव नाडार ने एचसीएल की स्थापना की थी। उन्होंने 2023 में 2,042 करोड़ से अधिक राशि दान की थी। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2008 में पद्म भूषण से नवाजा गया। हालांकि, हाल ही में शिव नाडार ने अपनी संपति का एक बड़ा हिस्सा अपनी बेटी रौशनी नाडार के नाम कर दिया था।*

*5. दिलीप संघवी : सन फार्मास्युटिकल्स के संस्थापक दिलीप संघवी भारत की फार्मा इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक हैं। उन्होंने 2014 में रैनबैक्सी को 4 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित कर फार्मा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की थी।*

*6. सायरस पूनावाला : सीरम इंस्टीट्यूट दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है। कोविड-19 के दौरान वैक्सीन की भारी डिमांड से पूनावाला परिवार की संपति में भारी वृद्धि हुई।*

*7. कुमार मंगलम बिड़ला : कंपनी सीमेंट, एल्युमीनियम और फाइनेंशियल सर्विसेस सेक्टर में काम करती है। हाल ही में वोडाफोन-आइडिया के 18,000 करोड़ के एफपीओ के बाद कुमार बिड़ला की बोर्ड में वापसी हुई है।*



*8. राधाकिशन दमानी : राधाकिशन दमानी ने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में की थी। आज भारत में डीमार्ट के 330 से अधिक स्टोर हैं। साथ ही वह वीएसटी और इंडिया सीमेंट्स जैसी कंपनियों में भी हिस्सेदार हैं।*

*9. लक्ष्मी मित्तल : लक्ष्मी मित्तल स्टील उद्योग के सबसे बड़े नामों में से हैं। उनकी कंपनी ने 2019 में एस्सार स्टील को 5.9 बिलियन डॉलर में खरीदा था। उन्होंने सीईओ की भूमिका अपने बेटे आदित्य मित्तल को सौंप दी है, जबकि खुद चेयरमैन बने हुए हैं।*

*10. उदय कोटक : कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक अब अपने बेटे जय कोटक को उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। 2020 में उन्होंने अपनी हिस्सेदारी कम कर बैंक की रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा किया था।*

## खबर संक्षेप

### अप्रैल-फरवरी में कोयला आयात मामूली घटा



**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष के पहले 11 माह (फरवरी) के दौरान देश का कोयला आयात मामूली 1.4 प्रतिशत घटकर 24.07 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 24.42 करोड़ टन का कोयला आयात किया था। समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 15.23 करोड़ टन रहा।

### बीओएम ने खुदरा ऋण में की 0.25 फीसदी की कटौती




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने भारतीय रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत दर के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है।
बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक की रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) अब 9.05 प्रतिशत से घटाकर 8.80 प्रतिशत कर दी गई है।

### गोदरेज ने सवाना का फूट कारोबार किया अधिग्रहित

**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज के रसायन कारोबार ने सवाना सर्फैक्टेंट्स के फूड एडिटिव कारोबार का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ओलियोकेमिकल्स, सर्फैक्टेंट्स, स्पेशियलिटीज और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी के तौर पर यह लेनदेन वैश्विक स्तर पर खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग में अपने उत्पाद की पेशकश का विस्तार करने में मदद करेगा। गोदरेज इंडस्ट्रीज (केमिकल्स) के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विशाल शर्मा ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के दृष्टिकोण और लाभदायक एवं टिकाऊ तरीके से बढ़ने की रणनीति के अनुरूप है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चीन के आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई

# अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी के बाद चीन का निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़ा, आयात में गिरावट

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इसी अवधि में आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### चीन पर अमेरिका ने 145 फीसदी शुल्क लगाया

वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

### विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन

#### वियतनाम में चीन का निर्यात बढ़ा

हालांकि पिछले हफ्ते अमेरिका ने इस फैसले को 90 दिन के लिए टाल दिया था। वियतनाम में पिछले महीने चीन का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसके आयात में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, शी की यात्रा पहले से ही निर्धारित थी लेकिन अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के चलते यह महत्वपूर्ण हो गई है।




- चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27 .6 अरब डॉलर रहा
- चीन के निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से

#### वैश्विक आयात में चीन की हिस्सेदारी 10.5 फीसदी

चीनी आयात में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चीन लगातार 16 वर्षों से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक रहा है, जिसने वैश्विक आयात में अपनी हिस्सेदारी लगभग आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर ली है। उन्होंने कहा, '' वर्तमान में और भविष्य में चीन का आयात वृद्धि क्षेत्र बहुत बड़ा है और बड़ा चीनी बाजार हमेशा दुनिया के लिए एक बड़ा अवसर है।''

#### अफ्रीका को निर्यात 11 फीसदी बढ़ा

निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों से हुई जहां मार्च में चीन से निर्यात में सालाना आधार में करीब 17 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। अफ्रीका को निर्यात 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

#### चीन गंभीर स्थिति का सामना करने तैयार

सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डालियांग ने कहा कि चीन '' जटिल व गंभीर स्थिति '' का सामना कर रहा है, लेकिन वह घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

#### चीन के राष्ट्रपति मलेशिया व कंबोडिया जाएंगे

चीन के राष्ट्रपति शी शिनफिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे थे। वह मलेशिया और कंबोडिया भी जाएंगे। इससे उन्हें अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा, जो संभावित रूप से भारी शुल्क का सामना कर रहे हैं।

# भारत की अमेरिका को 40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव के एन. राघवन ने कहा, '' अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब रोके गए निर्यात को भेजने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क है। अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर वर्तमान में 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है।



- ट्रंप के जवाबी शुल्क के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए
- झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार

### 2023-24 में 2.7 अरब डॉलर का निर्यात

उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा, '' (अतिरिक्त शुल्क पर) 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया।

# शुल्क वार के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपए घटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है। अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण हाल के दिनों में शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था।
इस दौरान बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद भी रहे।

# मलेशियाई बाजार टूटने से खाद्य तेल में आई गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मलेशिया एक्सचेंज के टूटने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को अधिकांश तेल-तिलहन (सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल) के दाम में गिरावट रही। वहीं आवक कम रहने के बावजूद मलेशियाई बाजार की मंदी से बाजार धारणा प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है। जबकि और शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट को देखते हुए पेराई मिलों ने सरसों के दाम कुछ घटा दिये हैं। वैसे देखा जाये तो मंडियों में सरसों की आवक की स्थिति कमजोर बनी हुई है और चीन के बाद अब नेपाल और बांग्लादेश से सरसों खली डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग निकली है।



- सोयाबीन एवं पामतेल की कीमतों में कमी आई
- मलेशियाई बाजार की मंदी से मूंगफली के दाम पूर्वस्तर पर

#### चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है

*सोयाबीन तेल से जब तक इन दोनों तेलों के दाम में पर्याप्त कमी नहीं होगी इनकी बाजार मांग नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है लेकिन कारोबारी माहौल खराब रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।*

# एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देते हुए अपनी उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई के मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नयी कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी। एसबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, बैंक ने 'बाह्य मानक आधारित उधारी दर' (ईबीएलआर) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 8.65 प्रतिशत कर दिया है। संशोधित दरें 15 अप्रैल, 2025 से प्रभावी हो जाएंगी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने दिनांक 08 अप्रैल, 2025 को 10 वर्ष पूर्ण किया है। यह योजना भारत में एमएसएमई वित्तपोषण परिदृश्य को बदलने में सहायक रही है। पिछले एक दशक में, पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यमों हेतु ऋण तक पहुँच के विषय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना की स्तरीय संरचना - शिशु , किशोर और तरुण - ने बैंक को उद्यमियों के लिए किफायती, संपार्श्विक-मुक्त ऋण संवितरित करने में सक्षम बनाया है। पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र में हमारे बैंक की पहुंच का काफी विस्तार किया है।

योजना के पहले पांच वर्षों के दौरान, हमने इस योजना के तहत 11,59,636 उधारकर्ताओं को कुल रु. 18,923 करोड़ की ऋण सुविधाएं संवितरित की हैं। 10 वर्षों की अवधि के दौरान संचयी संवितरण 43,65,580 उधारकर्ताओं को रु. 71,364 करोड़ है, अर्थात मात्रा के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में लगभग 300% की वृद्धि। इस योजना के तहत महिला उद्यमियों को प्राप्त होने वाली ऋण सुविधाएं 25% से अधिक है। 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषित तरुण प्लस श्रेणी के तहत ऋण सीमा को हाल ही में बढ़ाकर रु. 20 लाख कर दिया गया है, जिससे बैंक विकास क्षमता वाले थोड़े बड़े सूक्ष्म उद्यमों को सहयोग देने में सक्षम होगा। देश की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में योगदान देने के अतिरिक्त, इस यात्रा ने उद्यमिता हेतु सक्षम बनाया है साथ ही नए रोजगार भी सृजित किए हैं। बैंक ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम – जीईसीएल के माध्यम से अतिरिक्त ऋण को संस्वीकृत कर कोविड-19 महामारी के दौरान हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ताओं की सहायता की है।

जीईसीएल प्रदान करके, बैंक ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ता तरलता की कमी से उबर सकें और अपनी आजीविका बनाए रख सकें। जीईसीएल के माध्यम से समय पर सहायता मिलने से 60% से अधिक पीएमएमवाई खाते एनपीए होने से बच गए। बैंक ने मुद्रा ऋण आवेदकों के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल यात्रा शुरू की है। ऋण की पूरी यात्रा अर्थात आवेदन से लेकर संस्वीकृति और संवितरण तक ऑनलाइन माध्यम से पूरी की जाती है। बैंक इस योजना के तहत उधारकर्ताओं को मुद्रा कार्ड भी जारी कर रहा है।

## जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट ने एक राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित




**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) पर केंद्रित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता स्टेम केस्ट के अंतिम दौर का गर्व में आयोजन किया जिसमें हिमाचल प्रदेश और कई अन्य राज्यों से प्रतिभाशाली युवा दिमागों का स्वागत किया गया। यह भव्य आयोजन रविवार, 13 अप्रैल 2025 को शांत और सुंदर जेयूआईटी परिसर में हुआ। नवंबर 2024 में अपनी यात्रा शुरू करने वाने स्टेम कैस्ट में पूरे क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की उत्साही भागीदारी देखी गई। बौद्धिक रूप से उत्तेजक दौरों की एक श्रृंखला के बाद, कक्षा 12 के मेधावी छात्र, अपने गौरवान्वित माता-पिता के साथ, ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार के उत्सव में प्रतिस्पर्धा करने और शामिल होने के लिए जेयूआईटी बाकनाघाट परिसर में एकत्र हुए। यह कार्यक्रम न केवल एक प्रतिस्पर्धी मंच था। बल्कि छात्रों और अभिभावकों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का पता लगाने और जेयूआईटी वाकनाघाट की शैक्षणिक जीवंतता का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, जेयूआईटी के सीईओ माननीय श्री मनु भास्कर गौड़ ने प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा, जेयूआईटी में, हम भविष्य के समस्या-समाधानकर्ताओं और नवप्रवर्तकों का पोषण करने में विश्वास करते हैं स्टेम क्रेस्ट प्रारंभिक चरण में ही वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक तर्फ को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। में सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूं और उनसे खोज, प्रश्न पूछने और सीखने को जारी रखने का आग्रह करता है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that Ravi Kumar S/o Laxmi narain R/o D-1/1, First Floor, D-Block, Janak Puri, New Delhi, I am the sole Proprietor of M/s. engineers Service Station, an Indian Oil Petrol Pump and Maruti's Authorized Service Station having it's Registered Address and place of business at Jor Bagh, New Delhi-110003, and all the assets & liabilities of the said firm belongs to me since 29 July 2021.

Ravi Kumar, Proprietor
M/s. Engineers Service Station

## शब्द पहेली - 5837




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5836 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | वा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | व | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | | ध | मों | प | दे | श | क |






# अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56मी. फेंका थ्रो



**रमोना।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज़ सीरीज़ वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**ऑबर्नडेल।** भारत ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

खास खबर

# 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का फायदा मिला : कर्ण शर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

## दिल्ली के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

## मानसिक रूप से मैं तैयार था : नायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरुआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप




नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## लखनऊ को पांच विकेट से हराया, जडेजा और पथिराना को 2-2 विकेट

# धोनी के बल्ले ने तोड़ा सुपर किंग्स की हार का सिलसिला

भाषा ▶▶ लखनऊ




अपने पुराने 'फिनिशर' वाले रूप की झलक दिखाने वाले महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के मैच में सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर पांच विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिये 167 रन के लक्ष्य के जवाब में धोनी ने 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 26 और दुबे ने 37 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 43 रन बनाये। चेन्नई ने तीन गेंद और पांच विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले फॉर्म में लौटे कप्तान ऋषभ पंत के इस सत्र के पहले अर्धशतक के दम पर लखनऊ ने सात विकेट पर 166 रन बनाये। चेन्नई को शेख रशीद (19 गेंद में 27) और रचिन रविंद्र (22 गेंद में 37) ने आक्रामक शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिये 29 गेंद में 52 रन जोड़े। दोनों ने शार्दुल ठाकुर और आकाश दीप को खासी नसीहत दी जिससे पंत को चौथे ओवर में दिग्वेश राठी को गेंद सौंपनी पड़ी।

रशीद की पहली आईपीएल पारी का अंत आवेश खान ने किया। लगातार दो विकेट गंवाने से चेन्नई की लय टूट गई। एडेन मार्क्रम ने रविंद्र को पगबाधा आउट किया जबकि अगले ओवर में रवि बिश्नोई ने राहुल त्रिपाठी का रिटर्न कैच लपका। बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए रविंद्र जडेजा को भी लांग आन में मार्क्रम के हाथों लपकवाया। चेन्नई को आखिरी पांच ओवर में 56 रन की जरूरत थी। धोनी ने आते ही आवेश खान को दो चौके लगाये और चार ओवर में अब चेन्नई को 44 रन चाहिये थे। उन्होंने शार्दुल को एक हाथ से छक्का लगाकर पुराने दिन याद दिला दिये। उन्होंने और दुबे ने कोई जोखिम लिये बिना टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले लखनऊ के लिये पंत ने 49 गेंद में 63 रन बनाये। उन्हें शुरूआत में दिक्कत हुई लेकिन धीरे धीरे लय हासिल कर ली और अब्दुल समद (20) के साथ पांचवें विकेट के लिये 33 गेंद में 53 रन बनाये। लगातार पांच पराजय का सामना करके आई चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बायें हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने पहले ही ओवर में मार्क्रम को आउट किया जिनका बेहतरीन कैच पीछे की ओर दौड़ते हुए त्रिपाठी ने लपका। दो ओवर बाद अंशुल कम्बोज ने शानदार फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन को पगबाधा आउट किया।

## पंजाब किंग्स के सामने आज कोलकाता की कठिन चुनौती



**मुल्लांपुर।** पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है।

## एमबाप्पे को पांच साल बाद मिला रेड कार्ड, पर जीता रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

## खबर संक्षेप




### अमेरिका और जापान बीजेके फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**ब्रातिस्लावा।** हेली बैपटिस्ट और बर्नार्डा पेरा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मेजबान स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर अमेरिका को बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। ग्रुप सी के मैच में बैपटिस्ट ने रेनाटा जैमरिकोवा को 6-3, 6-4 से और पेरा ने रेबेका श्रामकोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराया। अमेरिका इस ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान ने भी फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप ए में निर्णायक युगल मैच में एना शिबहारा और शुको आओयामा ने कनाडा की कायला क्रॉस और रेबेका मैरिनो को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर जापान को फ़ाइनल्स में जगह दिलाई।

### भारतीय निशानेबाजों की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय टीम पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में इस साल के पहले विश्व कप में दूसरे स्थान पर रही। पेरू की राजधानी में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन मनु भाकर, सुरूची और संयम महिला एयर पिस्टल वर्ग में उतरेंगी जबकि सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में चुनौती रखेंगे।

### रिटायर्ड आउट पर तिलक ने खोला राज

**दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 गेंदों में 59 रन बनाए।



उनकी इस पारी से हार्दिक पंड्या की टीम 20 ओवरों में 205 का स्कोर बनाने में सफल रही। कुछ मैचों पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तिलक वर्मा को मैनेजमेंट ने 'रिटायर्ड आउट' कर दिया था। इस फैसले पर काफी विवाद हुआ था। अब तिलक वर्मा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं। मैं बस यह सोच रहा था कि उन्होंने यह फैसला टीम के लिए किया है। इसलिए मैंने इसे सकारात्मक रूप से लिया और नकारात्मक रूप से नहीं लिया। लेकिन मुख्य बात यह है कि आप इसे कैसे लेते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरा

# ज्योति सहित भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा।

वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौती का किस तरह से सामना करते हैं।'

## सविता और खारीबाम गोलकीपर

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

## पीएम करेंगे खेलो इंडिया युवा खेल का उद्घाटन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। नीतीश कुमार ने कहा, 'यह हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इन खेलों के आयोजन ने हमें राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है।' मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह में रिमोट कंट्रोल के माध्यम से खेलों के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। इन खेलों का आयोजन चार से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगुसराय में किया जाएगा। इन खेलों में देश भर के 8500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 1500 सदस्य हिस्सा लेंगे।

# राय, थीगाला शीर्ष 30 में रहे, मैक्लेरॉय चैंपियन

एजेंसी ▶▶ ऑगस्टा



भारतीय मूल के गोल्फर आरोन राय, साहित थीगाला और अक्षय भाटिया का यहां ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में प्रदर्शन साधारण रहा तथा इन तीन में से दो खिलाड़ियों ने शीर्ष 30 में जगह बनाई। किसी मास्टर्स टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे राय (70) चार दिनों में एक अंडर का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 27वें स्थान पर रहे जबकि थीगाला (71) चार दिनों में इवन पार पर रहे और संयुक्त 29वें पर रहे। रोरी मैक्लेरॉय ने प्लेऑफ में जस्टिन रोज पर नाटकीय जीत के साथ अपने पांचवें मेजर खिताब के लिए 11 साल के इंतजार को समाप्त किया।

## तारिक के गेंदबाजी एक्शन की शिकायत

**इस्लामाबाद।** क्वेटा ग्लेडिएटर्स के आफ स्पिनर पाकिस्तान के उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन की पाकिस्तान सुपर लीग टी20 टूर्नामेंट के दौरान शिकायत की गई है। क्वेटा की लाहौर कलंदर्स के खिलाफ 79 रन से हार के बाद तारिक की शिकायत मैदानी अंपायरों अहसान रजा और क्रिस ब्राउन ने की। तारिक ने 31 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'नियमों के अनुसार उस्मान पीएसएल के बाकी मैचों में गेंदबाजी कर सकता है लेकिन दोबारा शिकायत होने पर उसे गेंदबाजी से निलंबित किया जा सकता है। इसके बाद उसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त लैब से मंजूरी लेनी होगी जिसके बाद ही वह गेंदबाजी कर पाएगा।'

## अनुचित लाभ लेने से रोकने बीसीसीआई का नया नियम

# बल्लेबाजों के बल्ले के आकार को जांच रहे मैदानी अंपायर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मैदानी अंपायरों ने परंपरा से हटकर इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के दौरान बल्लेबाजों को अनुचित लाभ लेने से रोकने के लिए मैदान पर ही बल्ले के आकार की जांच करना शुरू कर दिया है। बल्ले के आकार की जांच करना एक प्रचलित चलन है लेकिन पिछली बार तक इस प्रक्रिया का पालन ड्रेसिंग रूम के अंदर ही किया जाता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि पावर-हिटिंग के इस जमाने में अधिक सतर्क रहने के लिए मैच अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर मैदान पर ही बल्ले की किसी भी तरह से जांच करने की अनुमति दी है। आईपीएल में 100 से अधिक और कई अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग कर चुके बीसीसीआई के एक पूर्व अंपायर ने भी इस घटनाक्रम पर आश्चर्य व्यक्त किया। इस पूर्व अंपायर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अंपायर बल्ले के आकार का जांच करने के लिए एक उपकरण 'बैट गेज' को अपने पास रखते हैं। अगर बल्ला उस गेज से गुजरता है, तो इसे स्वीकार्य माना जाता है। हम सभी ने ड्रेसिंग रूम के अंदर पारी शुरू होने से पहले बल्ले की जांच की है। खिलाड़ी अपना बल्ला सौंप देते हैं और जांच हो जाती है। अब सवाल यह है कि क्या किसी खिलाड़ी ने जांच के लिए एक बल्ला दिया था और मैदान पर दूसरे का इस्तेमाल किया था। अगर ऐसा हुआ है, तो यह प्रोटोकॉल स्वागत योग्य है। खिलाड़ी हमेशा कई बल्ले रखते हैं। बल्ले का वजन अलग-अलग हो सकता है, लेकिन उसकी लंबाई, चौड़ाई, गहराई और किनारे की चौड़ाई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर होनी चाहिए।'

### बल्ले का आधिकारिक माप

नियमों के अनुसार, बल्ले के मुख की चौड़ाई 4.25 इंच (10.79 सेमी) से अधिक नहीं होनी चाहिए। बल्ले के मध्य भाग (उभरा हुआ भाग) की मोटाई 2.64 इंच (6.7 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। किनारे की अधिकतम चौड़ाई 1.56 इंच (चार सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। बल्ले की लंबाई हैंडल के शीर्ष से आधार तक 38 इंच (96.4 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती।

### हेटमायर, पंड्या के बल्ले सही

पिछले कुछ दिनों में, राजस्थान रॉयल्स के शिमरोन हेटमायर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिल साल्ट और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के बल्ले को मैदान पर खेल के दौरान बैट गेज से मापा गया था। इन सभी खिलाड़ियों के बल्ले का आकार सही पाया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## आज से पुणे के औंध स्थित विदेशी प्रशिक्षण नोड में होगी युद्धाभ्यास की शुरुआत

# 'दस्तलिक' युद्धाभ्यास के जरिए अपना युद्ध कौशल दिखाएंगे भारत-उज्बेकिस्तान के रणबांकुरे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) से लेकर जमीनी इलाकों तक जारी चीन की विस्तारवादी नीति के बीच भारत की विकासवादी सोच भी दुनिया के तमाम देशों में तेजी से प्रचलित हो रही है। इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है भारत और मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच होने वाला संयुक्त 'दस्तलिक-2025' युद्धाभ्यास। जिसकी शुरुआत मंगलवार से महाराष्ट्र के पुणे के औंध में मौजूद विदेशी प्रशिक्षण नोड में होगी। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का छठा संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यहां बता दें कि दस्तलिक युद्धाभ्यास का पांचवां संस्करण पिछले साल 2024 में उज्बेकिस्तान टर्मेज जिले में हुआ था।



**14 दिनों तक चलेगा युद्धाभ्यास**

सूत्रों ने बताया कि 15 अप्रैल से पुणे में शुरू हो रहे दस्तलिक युद्धाभ्यास के छठे संस्करण की कुल अवधि 14 दिनों की होगी। जिसमें युद्धाभ्यास 15 से 28 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इसके जरिए भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच न केवल आपसी सहयोग और सामंजस्य बढ़ेगा। बल्कि दोनों देशों के सैन्य और रणनीतिक संबंधों को भी मजबूती मिलेगी।

### दस्तलिक का मुख्य उद्देश्य

दस्तलिक का मुख्य उद्देश्य सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करना, संयुक्त क्षमताओं में वृद्धि और पर्वतीय और उप-नगरीय इलाकों में संयुक्त सैन्य अभियान का सफल संचालन करना है। इसके अलावा यह दोनों सेनाओं को शारीरिक तंदुरुस्ती, साझा योजना बनाने, रणनीतिक ड्रिल, विशेष युद्ध कौशल सहित जमीनी स्तर पर प्रभावी सहयोग को भी बढ़ाने में बेहद मददगार साबित होगा।

### अच्छी आदतों, अनुभवों से मिलेगी सीख

दस्तलिक युद्धाभ्यास दोनों सेनाओं को अपनी अच्छी आदतों और अनुभवों को एक-दूसरे से साझा करने का अवसर प्रदान करता है। इससे दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभियानों से जुड़ी हुई बेहतर रणनीति बनाने, तकनीक, प्रक्रिया, अंतर संचालनीयता और आपसी समझ में भी इजाफा देखने को मिलेगा। सैन्य सहयोग से इतर यह युद्धाभ्यास भारत और उज्बेकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और दोनों देशों की मित्रता को सशक्त करने में भी सहायक है।

### उज्बेकिस्तान का रणनीतिक महत्व

मालूम हो कि उज्बेकिस्तान मध्य-एशिया का एक देश होने के अलावा क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार है। जिसकी मदद से भारत को क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। सोवियत संघ (यूएसएसआर) के विघटन के बाद भारत दुनिया के उन चंद पहले देशों में शामिल है, जिसने उज्बेकिस्तान को बतौर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता प्रदान की थी। 18 मार्च 1992 को भारत-उज्बेकिस्तान के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच 2011 में रणनीतिक साझेदारी हुई। जिसके तहत व्यापक संस्थागत संवाद तंत्र बनाया गया है। यह राजनीतिक और आधिकारिक स्तर पर नियमित रूप से उच्च स्तरीय सहयोग, बैठकों को बढ़ावा देता है।

## भूकंप के बाद ऑपरेशन ब्रह्मा के जरिए भारत ने म्यांमार को सबसे पहले मदद पहुंचाने की शुरुआत की थी

# साइबर हमलों का शिकार हुए म्यांमार में राहत सामग्री ले जा रहे वायुसेना के विमान!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले महीने के अंतिम सप्ताह में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले अपने निकट पड़ोसी देश को मदद पहुंचाने के मकसद से ऑपरेशन ब्रह्मा की शुरुआत की थी। जिसके बाद तीनों सशस्त्र सेनाओं में शुमार भारतीय वायुसेना ने अपने विशालकाय परिवहन विमानों की कई उड़ानों के जरिए हजारों-टन राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाई। लेकिन इस दौरान वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस और सी-17 ग्लोबमास्टर जैसे विमानों को साइबर हमलों से भी दो चार होना पड़ा था। जिसे तकनीकी भाषा में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम 'जीपीएस स्पूफिंग' कहा जाता है।





### जानकारों ने दुश्मनों की साजिश बताया

सूत्रों ने बताया कि दोनों विमानों के पायलटों ने उड़ान के दौरान भ्रामक जीपीएस सिग्नलों की शिकायत की, जिससे नेविगेशन प्रणाली गड़बड़ा गई। सुरक्षा मामलों के जानकार इसे दुश्मनों की साजिश बता रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ये एक प्रकार का साइबर हमला होता है। जिसमें भ्रामक जीपीएस सिग्नल जनरेट किए जाते हैं। जो विमान के नेविगेशन सिस्टम को गुमराह कर उसके लिए खतरा पैदा करते हैं। उनका ये भी कहना है कि अगर ऐसी घटनाएं विदेशी वायुसीमा (एयरस्पेस) के अंदर होती हैं। तो उनकी जांच पड़ताल करना संभव नहीं होता है। उधर, भारतीय वायुसेना की तरफ से अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### छह विमानों से भेजी गई राहत सामग्री

भारत ने अब तक कुल करीब छह विमानों के जरिए म्यांमार को राहत एवं बचाव सामग्री भेजी है। इसमें भूकंप प्रभावितों इलाकों में लोगों को बचाने के लिए राहत सामग्री के साथ ही राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और भारतीय सेना की मेडिकल टीम की जरूरी उपकरणों के साथ की गई रवानगी मुख्य रूप से शामिल है। सूत्रों ने कहा कि 28 मार्च 2025 को म्यांमार में भूकंप आने के दूसरे दिन यानी 29 मार्च को वायुसेना के जिस सी-130जे विमान के जरिए राहत सामग्री की पहली खेप भेजी गई थी। उसके पायलट ने म्यांमार की वायुसीमा में जीपीएस स्पूफिंग की शिकायत की थी। साथ ही इसके बाद उसने तुरंत बैकअप सिस्टम को भी सक्रिय किया था। जिससे इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के नाम से जाना जाता है।

### मांडले, यंगून व नेपीताव गए थे विमान

वायुसेना के कुल छह विमानों ने म्यांमार के यंगून, नेपीताव और मांडले में लैंडिंग की थी। पांच विमान 29 से 30 मार्च के बीच यंगून और नेपीताव में लैंड हुए थे। जबकि एक अन्य विमान मांडले में उतरा था। जब पहले विमान के पायलट ने जीपीएस स्पूफिंग की शिकायत की। तो बाकी के पायलट सतर्क हो गए थे। यहां बता दें कि मांडले म्यांमार का भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित वह इलाका है। जहां भारतीय सेना अपने 118 बेड के अस्थायी आपातकालीन अस्पताल के जरिए चौबीसों घंटे प्राकृतिक आपदा का शिकार हुए आम म्यांमारी लोगों को मदद पहुंचाने में लगी हुई है।

## पंजाब में 50 हथगोले आए 18 का उपयोग विस्फोटों में हो चुका 32 बाकी

# बाजवा के बयान पर पुलिस ने हकीकत पूछी तो शुरू हो गई राजनीति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा हाल ही में दिए गए एक विवादित बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। बाजवा ने एक टीवी साक्षात्कार में दावा किया था कि पंजाब में 50 हथगोले (ग्रेनेड) आए हैं, जिनमें से 18 का उपयोग विस्फोटों में हो चुका है और 32 अभी बाकी हैं। इस बयान के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की, और उन्हें पूछताछ के लिए नगर पुलिस ने तलब किया। इस मामले में अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला, इसे धमकी और बदनाम करने की रणनीति करार दिया।



### कानूनी कार्रवाई की जाएगी: सीएम मान

सूबे के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट कहा कि बाजवा या तो अपने आरोप के सच को पुलिस के समक्ष सत्य साबित करें ताकि कार्रवाई की जा सके, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंजाब सरकार और पुलिस ने बाजवा के बयान को गंभीरता से लिया। सोमवार को को बाजवा को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, पूछताछ के लिए बुलाया गया। बाजवा ने पुलिस के साथ सहयोग किया, लेकिन अपने सूत्रों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 14 अप्रैल 2025 को एक बयान जारी कर पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार भ्रष्ट नेतृत्व के चलते घबराई हुई है और बाजवा के खिलाफ धमकी, बदनामी, और डराने की रणनीति अपना रही है। रमेश ने कहा कि बाजवा का बयान पंजाब की सुरक्षा और जनता की भलाई के लिए था, पंजाब की आप सरकार इसे राजनीतिक हथियार बना रही है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करार दिया और पुलिसिया कार्रवाई को निंदनीय बताया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाजवा के बयान को गैर-जिम्मेदाराना और डर फैलाने वाला करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर बाजवा के पास ऐसी संवेदनशील जानकारी थी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को क्यों नहीं सूचित किया। मान ने यह भी पूछा कि क्या बाजवा के पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों से सीधे संपर्क में हैं।






किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

बेमिसाल माइलेज XSENS Fi | बेजोड़ मज़बूती कर्ब वेट 112 किलो | दमदार पावर 5.9 kW | USB चार्जर# | कम मेंटेनेंस खर्च | कम डाउन पेमेंट ₹1999^

India's First 5 Year Warranty *Conditions apply | आधार कार्ड पर^ लोन और कैश EMI | HDFC BANK | pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. **Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. #USB charger is available as an accessory. The offer is applicable on purchase of HF Series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000*Ex showroom price of HF Deluxe Self Start in Delhi & NCR. T&C apply.

टोल फ्री 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327; Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave – 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248,; Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410, Hapur: Globe Hero, 9289923209.

VML.5798.2025